आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 24 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-177 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

सौम्या चौरसिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

रायपुर,24 सितंबर। बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद सौम्या चौरसिया को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपसचिव रही सौम्या चौरसिया की अग्रिम जमानत याचिका ACB/EOW की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी है। आय से अधिक मामले में दर्ज अपराध पर उन्होंने अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। सौम्या चौरसिया और अन्य लोगों पर छत्तीसगढ़ में 540 करोड़ से भी अधिक की अवैध कोयला लेवी की वसूली का आरोप ईडी और आयकर विभाग ने लगाया था। आरोप है कि राज्य सरकार के अधिकारियों, नेताओं और कारोबारियों ने कोयला परिवहन में प्रति टन 25 रुपये की अवैध वसूली शुरु की थी।

बिजली गिरने से मृत लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता

रायपुर, 24 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव जिले में आकाशीय बिजली गिरने की घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन अधिकारियों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरलतब है कि राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई में आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की मृत्यु हो गई है। जिला प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

लोहारीडीह घटना की होगी दण्डाधिकारी जांच

रायपुर, 24 सितंबर। कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर 2024 को श्री शिवप्रसाद साहू की मृत्यु उपरांत घटित आगजनी में श्री रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकार अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है.. निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री साहू ने बताया कि इस जांच बिन्दु से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति 24 सितंबर 2024 से 04 अक्टूबर 2024 तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर पूर्वान्ह 11 बजे से सांय 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम के कक्ष क्रमांक 17 में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

पटाखा गोदाम में आग

बिलासपुर,24 सितंबर। शहर के बीच में स्थित एक पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई है. गोदाम में आग लगते ही पटाखों की आवाज आने लगी, जिससे आसपास के इलाके में

हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है. बता दें कि जिस पटाखा गोदाम में भीषण आग लगी, उसके बगल में एक्सिस बैंक भी स्थित है. जानकारी के अनुसार, दयालबंद क्षेत्र के जगमल चौक के पास स्थित पटाखा गोदाम में आग लगी है. आग इतनी भीषण है कि गोदाम से लपटें बाहर निकल रही हैं. फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में जांच में जुटी हुई है. हालांकि, आग कैसे लगी है इसका पता नहीं चल सका है.

न्यूयॉर्क में मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से की मुलाकात

न्यूयार्क,24 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 3 दिवसीय अमेरिकी यात्रा के अंतिम दिन न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की. मोदी और जेलेंस्की के बीच 3 महीने में यह तीसरी मुलाकात है. एक महीने पहले ही मोदी ने यूक्रेन का दौरा किया था और जेलेंस्की से मुलाकात की थी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक यूक्रेनी पक्ष के अनुरोध पर आयोजित की गई थी. दोनों शीर्ष नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई. मोदी ने जेलेंस्की से मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी भी की.

मोदी ने X पर पोस्ट कर कहा कि 'न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात हुई. हम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पिछले महीने यूक्रेन की अपनी यात्रा के परिणामों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान और शांति और स्थिरता की बहाली के लिए

भारत का समर्थन दोहराया.' ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत के ध्यान और शांति लाने के लिए मोदी के प्रयासों की सराहना की. प्रधानमंत्री मोदी ने ज़ेलेंस्की से मुलाकात के दौरान इस बात पर ज़ोर दिया कि वे हमेशा शांति के पक्षधर रहे हैं. उन्होंने बताया कि उन्होंने कई विश्व नेताओं से बात की है, जो इस बात पर सहमत हैं कि युद्ध समाप्त होना चाहिए और इसका समाधान निकाला जाना चाहिए. मोदी से मुलाकात के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ट्वीट कर लिखा कि, यह इस साल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तीसरी द्विपक्षीय बैठक है. हम सक्रिय रूप से अपने संबंधों को विकसित कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं. हमारी बातचीत का मुख्य फोकस अंतरराष्ट्रीय मंचों, खासकर संयुक्त राष्ट्र और जी20 में हमारी बातचीत को बढ़ाने के साथ-साथ शांति सूत्र को लागू करना और दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की तैयारी पर था. हमने उपलब्ध अवसरों पर एक ठोस चर्चा की. मैं हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के स्पष्ट समर्थन के लिए आपका आभारी हूं. मोदी की जेलेंस्की के साथ

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के समाधान पर चर्चा

बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण बताई जा रही है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी मोदी की यूक्रेन यात्रा की सराहना कर चुके हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में कहा कि मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में निहित है. यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि तीन महीनों में पीएम मोदी और जेलेंस्की तीसरी बार मिले हैं. प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की द्विपक्षीय बैठक पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि संभवतः 3 महीने के अंतराल में दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी बैठक है. द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े मुद्दों पर उनकी चर्चा हुई. राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इन मुद्दों पर भारत की सजगता की बहुत सराहना की.

पवन ने मंदिर में शुद्धि के लिए किया अनुष्ठान

बोले- सनातन धर्म पर हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे

हैदराबाद,24 सितंबर। आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने तिरुमाला के लड्डू प्रसादम में कथित मिलावट को लेकर अपनी 11 दिवसीय प्रायश्चित्त दीक्षा के हिस्से के रूप में कनक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि आज प्रायश्चित्त दीक्षा का तीसरा दिन है। मैं बचपन से ही सनातन धर्म का पालन करता आया हूं। मैं श्री राम का भक्त हूं और हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी शासन के दौरान कनक दुर्गा मंदिर से तीन शेर (इंद्रकीलाद्री के ऊपर देवी कनक दुर्गा के रथ से जुड़े) लूट लिए गए थे। जब हमने उनसे सवाल किया तो हमें चुप्पी मिली। पवन कल्याण ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वाईवी सुब्बा रेड्डी और करुणाकर रेड्डी ने ईसाई धर्म अपना लिया है या नहीं। आपके शासन में, एक बोर्ड (टीटीडी) की स्थापना की गई थी, और आप इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद ही हम ये सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पोन्नावोलु सुधाकर की टिप्पणियों की निंदा करता हूं। वह बहुत घमंडी है। मैं अदालती मामले के लिए तैयार हूं क्योंकि आप एजीपी हैं। हिंदू धर्म की आलोचना न करें, अन्यथा हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि आपकी

हिम्मत कैसे हुई सूअर के मांस की कीमत की तुलना शुद्ध घी से करने की? वाईवी सुब्बा रेड्डी, जांच की तैयारी करें। ईओ धर्मा रेड्डी फरार हैं। तिरुमाला एक धार्मिक स्थल से अधिक एक वित्तीय केंद्र बन गया है, ईओ धर्म रेड्डी ने आगम शास्त्र का पालन नहीं किया और अपने बेटे की मृत्यु के 11 दिनों के भीतर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि अगर इस्लाम में भी ऐसी ही हरकतें की गईं तो क्या वे आपको छोड़ देंगे? आपको इस्लाम के सिद्धांतों से सीखना चाहिए। इस मुद्दे पर वाईएसआरसीपी नेताओं ने क्या किया है वे चुप क्यों हैं? उन्हें अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने होंगे।

जन सेना प्रमुख तिरुमाला मंदिर के लड्डू प्रसादम बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले घी में पशु वसा की कथित उपस्थिति पर अपनी 11 दिवसीय प्रायश्चित दीक्षा (तपस्या) के हिस्से के रूप में यहां कनक द्रुगा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। पवन कल्याण ने दीक्षा लेने और मिलावट के खिलाफ बोलने के लिए उनकी आलोचना करने वालों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे क्यों नहीं बोलना चाहिए? जब मेरे घर पर हमला हो तो क्या मुझे नहीं बोलना चाहिए?

खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स : योगी

लखनऊ,24 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए 24 सितम्बर मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के सभी होटलों/ढाबों/रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।

हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट/अखाद्य/गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे/होटलों/रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस/स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा। खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क/ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आम जन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों

सुकमा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

सुकमा,24 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है। मौके पर 30 से 40 नक्सलियों की मौजूदगी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही हैं। अब तक की जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में हो रही है। करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम एवं जगरगुंडा एरिया कमेटी के 30-40 नक्सलियों की उपस्थित की सूचना है। जिला पुलिस बल के साथ ही डीआईजी बस्तर फाईटर एवं 206 वाहिनी कोबरा की और से संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। जिले के चिंतागुफा थानाक्षेत्र के करकनगुड़ा इलाके में नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल की मुठभेड़ हुई है। जिसमे दोनों और से भारी गोलीबारी चल रही है। मौके पर जवान तैनात है और सर्चिंग चल रही है। जानकारी के मुताबिक सुबह जिले के चिंतागुफा थानाक्षेत्र के करकनगुड़ा के जगंलों में नक्सलियों के होने की जानकारी के बाद डीआरजी, कोबरा में जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। जवान उस इलाके में पहुँचे तो नक्सलियों की बटालियन के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। जिसमें दोनों और से भारी गोलीबारी हुई जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी। नक्सलियों के बटालियन की और से बीजीएल दागे जा रहे है जिसका जवाब सुरक्षा बल के जवान भी दे रहे है। दोनों और से बमबारी हो रही है। जवान मौके पर डटे हुए है। जैसे ही मुठभेड़ खत्म होगी उसके बाद विस्तृत जानकारी अधिकारियों द्वारा दी जाएगी।

तिरुपति मंदिर के लड्डू में चर्बी के बाद अब तंबाकू मिलने का दावा

हैदराबाद,24 सितंबर। तिरुपति बालाजी के प्रसिद्ध लड्डू प्रसाद में अब तंबाकू मिलने का आरोप लगाया गया है. हाल ही में एक श्रद्धालु ने दावा किया है कि उन्हें तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में दिए गए प्रसाद के रूप में मिले लड्डू में कागज में लिपटा हुआ तंबाकू मिला. हालांकि, इस मामले पर मंदिर प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. आरोप के मुताबिक, खम्मम जिले की दोन्थु पद्मावती ने कहा कि वह 19 सितंबर को मंदिर गई थीं और प्रसाद के रूप में लड्डू लाई थीं. लड्डू बांटने से पहले उन्हें उसमें तंबाकू का टुकड़ा मिला. उन्होंने कहा, ÷मैं लड्डू बांटने ही वाली थी कि एक छोटे कागज के टुकड़े में तंबाकू के अंश देखकर घबरा गई.÷ इस घटना से लाखों भक्तों में चिंता बढ़ गई है, खासकर जब हाल ही में लड्डू में पशु वसा मिलने का आरोप भी लगाया गया था. बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने लड्डू में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. उन्होंने कोर्ट से मामले की जांच की मांग की है, साथ ही सोशल मीडिया पर भी इस बारे में पोस्ट किया है. स्वामी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों को आधारहीन बताया है. यह मामला तब सामने आया जब तेलुगू देशम पार्टी ने दावा किया कि एक प्रयोगशाला में लड्डू में पशु वसा मिलने की पुष्टि हुई है. आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया कि तिरुमाला लड्डू की पवित्रता से समझौता किया गया है. YSRCP नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने इन आरोपों को राजनीतिक भटकाव करार दिया है.

मंदिरों के प्रसाद की होगी जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़

डोंगरगढ़,24 सितंबर। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के प्रमुख मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता की जांच होगी। खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर जानकारी दी है। मां पाताल भैरवी मंदिर,डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर,श्रृंगारपुर स्थित बालाजी मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों से प्रसाद का सैंपल लिया जाएगा। दरअसल राजनांदगांव जिले के प्रमुख मंदिरों में दर्शनार्थियों को दिए जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। जिला खाद्य एवम सुरक्षा अधिकारी डोमेन ध्रुव ने बताया कि जिले में स्थित प्रमुख मंदिरों के प्रसाद की अब जांच होगी। इसका सैंपल लेकर टेस्ट किया जाएगा। प्रसाद किस खाद्य सामग्री से बनाया जा रहा है। उसका भी सैंपल लिया जाएगा। डोमेन ध्रुव ने बताया कि राजनांदगांव स्थित मां पाताल भैरवी मंदिर,डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर,श्रृंगारपुर स्थित बालाजी मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों से प्रसाद का सैंपल लिया जाएगा। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी किया है।जिसमें प्रसाद में देवभोग (सरकारी डेयरी) के दूध का उपयोग करने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में वेंटेस्वर भगवान को चढ़ाने वाले प्रसाद में मछली का तेल और जानवर के चर्बी के मिलावट होने के खबर के बाद देशभर में हड़कंप मच गया है। कई संगठनों ने इसे हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बताया है। दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की गई है।

स्वास्थ्य सेवाएं खाट पर

कांकेर,24 सितंबर। जिले में सिस्टम के लाचारी की तस्वीर आई सामने आई, जहां दुर्घटना में घायल को ग्रामीण खाट पर लादकर नदी पार करते नजर आए. घटना नारायणपुर जिले के ओरछा विकासखंड के ग्राम बिरुलेयर गांव की है, जहां घायल केयेराम को ग्रामीणों ने कंधे पर लादकर दुर्गम पहाड़ी और नदी-नालों पर पार कर 15 किमी गट्टाकार पहुंचे, जहां सरपंच व अन्य की मदद से टैक्टर व अन्य जरिए से घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल ग्रामीण का उपचार अभी भी जारी है. बताया गया कि बांस के बनाए घेरे में काम करने के लिए केयेराम बल्ली पेट में लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था. गांव पहुंचने के लिए सड़क व पुल नहीं होने के कारण संजीवनी वाहन का पहुंचना संभव नहीं था, लिहाजा ग्रामीणों ने खाट में केयेराम को लादकर अस्पताल पहुंचे.

कुशीनगर में सपा नेता समेत 10 गिरफ्तार जाली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश

कुशीनगर ,24 सितंबर। यूपी के कुशीनगर में जाली नोटों के बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रफीक खान की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वो समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से हाथ मिलाते देखा जा सकता है। रफीक खान जालसाजों के गैंग का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। दर्ज शिकायत के मुताबिक उसने नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में जाली नोटों का नेटवर्क स्थापित किया था। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में शामिल नौशाद खान समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बताया जा रहा है। पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार नेपाली मुद्रा, 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम और 26 फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।कुशीनगर एसपी संतोष मिश्रा ने बताया, जिले में नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लाखों के जाली नोट, 1 लाख रुपये से अधिक नकद, 10 देसी तमंचा, 30 गोलियां और 12 खोखा बरामद किया गया.

राहुल गांधी की एससी-एसटी और ओबीसी पर आरक्षण की नीति दोगली : मायावती

लखनऊ ,24 सितंबर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी की एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं, बल्कि दोगली एवं छल कपट की है।

बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस व राहुल गांधी की एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट नहीं बल्कि दोगली एवं छल कपट की है। अपने देश में इनके वोट के लिए ये आरक्षण का समर्थन व इसे 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ाने की वकालत तथा विदेश में जाकर इनके आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं। इनके इस दोहरे मापदण्ड से लोग सचेत रहें। उन्होंने आगे कहा कि यह भी सच है कि केंद्र में इनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण संबंधी मण्डल कमीशन रिपोर्ट लागू नहीं की थी। साथ ही, बीएसपी के संघर्ष से एससी/एसटी के पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए संसद में लाए गए संविधान संशोधन बिल को भी कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया, जो अभी तक लंबित है।बसपा सुप्रीमो ने कहा कि ना ही इस मामले में इनकी सरकार ने कोर्ट में सही से पैरवी की थी। इस आरक्षण विरोधी कांग्रेस व अन्य पार्टियों से भी लोग सजग रहें। साथ ही, केंद्र में रही कांग्रेसी सरकार द्वारा जातीय जनगणना नहीं कराना और अब सत्ता से बाहर होने पर आवाज उठाना, यह सब ढोंग नहीं तो और क्या है? देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि खासकर कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को अपने बुरे दिनों में तो कुछ समय के लिए इनको दलितों को मुख्यमंत्री व संगठन आदि के प्रमुख स्थानों पर रखने की जरूर याद आती है।

मथुरा में 15 दुकानों से 43 नमूने लिए, संदिग्ध पेड़े जांच के लिए भेजे

मथुरा ,24 सितंबर। आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने के बाद यूपी के मथुरा में भी हलचल तेज हो गई है। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण (ठाकुर जी) पर चढ़ाए जाने वाले भोग-प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर चिंतित सरकार के आदेश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान की शुरुआत करते हुए मथुरा और वृन्दावन के धर्मस्थलों के निकट एवं अन्य स्थानों पर मिठाई की 15 दुकानों के खाद्य पदार्थों के 43 नमूने एकत्र किए। उनमें से पेड़े के एक नमूने में मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की आशंका पर विस्तृत जांच के लिए उसे लखनऊ स्थित राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को मथुरा व वृन्दावन के अनेक स्थानों पर चलाए गए सैंपलिंग अभियान में कुल 15 विक्रेताओं के यहां से कुल 43 नमूने एकत्र किए गए। जिनमें दूध से बनी मिठाईयां व अन्य पदार्थ, पनीर, पेड़ा, बर्फी, मिल्क केक, रसगुल्ला, इमरती, सोनपापड़ी, अन्य मिठाईयां तथा मसाले आदि शामिल हैं।

जांच के लिए भेजे गए पेड़े-उन्होंने बताया कि मथुरा में आज भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सामने स्थित बाजार की दुकानों व नए बस स्टैंड के आसपास की दुकानों तथा वृन्दावन में बांकेबिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर विद्यापीठ चौराहे के आसपास की दुकानों से नमूने लिए गए और मोबाइल लैबोरेटरी के माध्यम से हाथों-हाथ उनकी जांच की गयी। उन्होंने बताया कि उनमें से 42 नमूने तो मानक के अनुरूप पाए गए, परंतु पेड़े के एक नमूने के मानकों पर संदेह होने पर उसे अग्रिम जांच हेतु लखनऊ स्थित उच्च क्षमता वाली राज्य सरकार की प्रयोगशाला में भेजा गया है।

एक सवाल के जवाब में सिंह ने बताया कि रविवार व सोमवार को एकत्र किए गए सभी नमूनों को मंदिरों से न लेकर उनके आसपास की दुकानों से ही एकत्र किए हैं। उन्होंने बताया कि चूंकि धर्मस्थलों द्वारा धार्मिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली प्रसाद की सामग्री के नमूने सीधे नहीं लिए जाते हैं, उन्हें इस मामले में कानूनन छूट रहती है।

वैसे भी मथुरा के कमोबेश सभी धार्मिक स्थलों की प्रबंधन संस्थाओं ने पहले से ही भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) से प्रमाण पत्र ले रखे हैं।

एक नजर

मवेशी तस्करी मामले में युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई पाटन थाना क्षेत्र मवेशी तस्करी में पिता का साथ देने वाले युवक को पाटन पुलिस ने पखांजूर से गिरफ्तार किया है वहीं उसका पिता और अन्य आरोपित अभी भी फरार हैं। जिनकी पतासाजी की जा रही है ग्राम फुंडा पेट्रोल पंप के पीछे एक फार्म हाउस में हो रही मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने पहले ही एक ट्रक ड्राइवर और पाटन थाना एक आरक्षक डिलेश्वर पठारे को गिरफ्तार किया था गिरफ्तार किए गए आरोपित के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम और प्रशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि उतई निवासी मवेशी तस्कर संजय गिरी गोस्वांमी के बेटे सिवानी गिरी गोस्वामी (20 साल) को पखांजुर से गिरफ्तार किया गया है। बीते 10 सितंबर को ग्राम कुंडा में पेट्रोल पंप के पीछे फार्म हाउस में छापामार कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करी का भांडाफोड़ किया था बछड़े पर वाहन चलाने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार इधर, सुपेला पुलिस ने एक अन्य मामले में कृष्णा नगर सुपेला निवासी तुलसी राम दक्षिणे (54 साल), उसके बेटे सूरज दक्षिणे (26 साल) और प्रदीप साहू (46 साल) को गिरफ्तार किया है। रविवार की सुबह तीनों आरोपित एक कार से जा रहे थे। रास्ते में बजरंग चौक कृष्णा नगर के पास उन्होंने रास्ते पर बैठे एक बछड़े के ऊपर कार चढ़ा दी थी, जिससे बछड़े की मौके पर मौत हो गई थी कृष्णा नगर निवासी रवि निषाद ने इस मामले में तीनों आरोपितों के खिलाफ सुपेला थाना में प्राथमिकी कराई थी।

खुदकुशी मामले में प्राथमिकी दर्ज

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई गणेशोत्सव के दौरान साउंड सिस्टम की तेज आवाज से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले अधेड़ छन्नू लाल साहू के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने समिति के अध्यक्ष गोल्डी वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी की है अधेड़ ने सुसाइड नोट में अध्यक्ष से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने की बात लिखी थी पुलिस ने हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास सुसाइड नोट भेजा है रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी 15 सितंबर की भोर हथखोज निवासी छन्नू लाल साहू (55 साल) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी उसने एक सुसाइड नोट लिखा था जिसमें घर के सामने गणेशोत्सव आयोजित करने वाली समिति के अध्यक्ष गोल्डी वर्मा पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी की है घटना के एक दिन पहले 14 सितंबर को छन्नू और मोहल्ले के कुछ लोगों की आरोपित गोल्डी व समिति के अन्य सदस्यों से कम आवाज में साउंड सिस्टम बजाने को लेकर विवाद हुआ था गणेशोत्सव में साउंड सिस्टम की तेज आवाज से त्रस्त होकर दी थी जान सुसाइड नोट पर पुलिस ने समिति के अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट।

दिव्यांग महिला के दर्द से द्रवित आयुक्त बजरंग दुबे ने तुरन्त दिलवाई बैसाखी

भिलाई, 24 सितंबर। दिव्यांग महिला डी.लक्ष्मी वार्ड 19 सुपेला निवासी को बैसाखी की आवश्यकता थी। उसने आयुक्त के समक्ष बैसाखी की मांग रखी। उसका कहना था पुरानी बैसाखी टूट गई है। चलने में परेशानी हो रही है। आयुक्त बजरंग दुबे ने निगम के समाज कल्याण विभाग के अधिकारी अजय शुक्ला से तुरंत बैसाखी की व्यवस्था करने को कहा। निगम के समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 घंटे के अंदर दिव्यांग महिला को बैसाखी उपलब्ध कराया। आवेदिका डी लक्ष्मी का कहना था कि उसे उम्मीद नहीं थी कि आज ही वह बैसाखी के लिए आयुक्त के सामने आवेदन की और आयुक्त ने उसकी सुन ली।

बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव ने रिटायर कर्मियों को दी विदाई

भिलाई, 24 सितंबर। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर.4 ने माह अगस्त में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों में रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से हेमंत कुमार दुबेए लोकनाथ साहूए स्टील मेल्टिंग शॉप.2 से डोमार सिंह बंजारेए नरेंद्र कुमार ठाकुरए प्रोजेक्ट से दिनेश कुमार सोनीए प्लेट मिल से एसके सरकारए रिफ्रैक्ट्री मटेरियल प्लांट.3 से सुभाष हिवसेए मर्चेंट मिल से एम जगदीश्वर रावए ए आर शॉप से केशव चंद्राकरए मशीन असेंबलिंग एंड रि.इंजीनियरिंग शॉप.1 ;मार्सद्ध से नरेंद्र कुमार बावरियाए कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से सुनील एच शिंदेए हीरालाल वर्माए प्रवीण कुमार बाग और रिफ्रैक्ट्रीज मटेरियल प्लांट 1 से सतीश कुमार श्याम शामिल हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष.अशोक राठौरए असमा परवीनए संचालक मंडल सदस्य नितिशा साहूए पुरुषोत्तम सिंह कँवरए विपिन बन्छोरए जानकी रावए सतानंद चंद्राकरए शशि भूषण सिंहए वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसाइटी से मैनेजर सुदीप बनर्जीए पिजुष करए नारायण साहू और सुरेश कुमार कसा आदि उपस्थित थे।

जिला अस्पताल पहुंचकर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी में मरीजों से बातचीत की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,24 सितंबर। कबीरधाम जिले के नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और वहां उपचार कराने आए मरीजों तथा परिजनों से छत्तीसगढ़ी में बातचीत कर जिला अस्पताल के फीडबैक लिए । कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों और सुरक्षा व्यवस्था में लगे सभी अमलों को निर्देशित किया कि वे मरीजों और उनके परिजनों के साथ बेहतर और संवेदनशील व्यवहार रखें। उन्होंने मरीजों की सुविधा और सम्मान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और सिविल सर्जन को अस्पताल में स्वच्छता बनाए रखने के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल का वातावरण स्वच्छ और रोगाणुरहित होना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कलेक्टर ने सीएमएचओ को भी नियमित अंतराल के बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण करने तथा निरीक्षण के दौरान व्यवस्था में पाई गई खामियों तथा कमियों को शीघ्रता से दूर करने के लिए सख्त हिदायत दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले ओपीडी मरीजों तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों और संस्थागत प्रसव के लिए आने वाले गर्भवती महिलाओं की पूरी जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ केशव धुव्र ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिमाह उपचार कराने के लिए आने वाले औसत मरीजों की संख्या लगभग 13 हजार है। प्रतिदिन 400 से 450 मरीजों को ओपीडी में देखा जाता है। उपचार परीक्षण के बाद लगभग 40 मरीज भर्ती योग्य पाए जाते है, जिसे संबंधित वार्डों में भर्ती किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में लगातार संस्थागत प्रसव का प्रतिशत बढ़ रहा है। जिला अस्पताल के प्रति गर्भवती माताओं का विश्वास भी बढ़ा है। प्रतिमाह 300 से 350 औसतन गर्भवती माताओं का सुरक्षित संस्थानगत प्रसव कराया जाता है। क्रिटिकल प्रकरणों में ही ऑपरेशन कराई जाती है, जिसकी औसतन गर्भवती माताओं की संख्या 100 है। डीलवारी के बाद शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गहन चिकित्सा केंद्र में रखने की व्यवस्था है। वर्तमान में 15 शिशुओं को डॉक्टरों की विशेष निगरानी में रखा गया है। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर निर्भय साहू , सीएमएचओ डॉ बी एल राज, सिविल सर्जन डॉ केशव धुव्र, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शलिल मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। कलेक्टर वर्मा ने पोषण पुनर्वास केन्द्र तथा शिशु वार्ड, शिशु गहन चिकित्सा वार्ड का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने मरीजों को अस्पताल प्रबधंन द्वारा मरीजों को मिलने वाले भोजन, दाल-भात, सब्जी और पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती शिशुओं को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में आवश्यक जानकारियां ली। उन्होंने मेनू के आधार पर भोजन व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल परिसर से अंदर तथा बाहर लगाए गए सीसी कैमरे की पूरी जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा बढ़ाने के निर्देश दिए। यहां पर बताया गया कि पूरे अस्पताल परिसर में 42 सीसी कैमरा लगाए गए है। जिसमे अंदर परिसर में 37 और बाहरी परिसर में 5 सीसी कैमरे लगाए गए है।

वनांचल क्षेत्र में बैगा आदिवासियों को मिल रहा है स्वच्छ पेयजल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,24 सितंबर। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत, ग्राम भंवरटोक में नल जल कनेक्शन की सुविधा पहुंचाई गई है। वनांचल क्षेत्र होने के कारण, पहले ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए नदी एवं झिरिया पर निर्भर रहना पढता था। गर्मी के मौसम में नदी और झिरिया सूख जाने से पानी की विकट समस्या थी। अब जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल लग जाने से पानी की समस्या समाप्त हो गई है।÷ ग्राम की निवासी रामफूल बैगा ने बताया, ÷पहले हमें पानी के लिए कुएँ, नदी और झिरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। पानी लाने में पूरे दिन का बहुत बड़ा हिस्सा चला जाता था, जिससे खेत जाने और अन्य काम करने में काफी परेशानी होती थी। अब नल जल कनेक्शन मिलने के बाद, हमारे घर में पानी की सुविधा उपलब्ध है। हमें दूसरों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।÷तीजन बैगा ने बताया की अब नल का उपयोग पीने, नहाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू उपयोग के लिए करना शुरू कर दिया है। जल जीवन मिशन ने उनके जीवन को सरल और सुखमय बना दिया है। लाल सिंग ने बताया की ÷पहले हमें पानी के लिए कुएँ और नदी पर निर्भर रहना पड़ता था। कभी-कभी पानी लाने में पूरा दिन लग जाता था, और इससे हमारे अन्य कार्य भी प्रभावित होते थे। अब हर घर में नल लग जाने से हमें पानी लाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। हमारे जीवन में यह एक बड़ा बदलाव है।÷जल जीवन मिशन ने ग्राम भंवरटोक के हर घर में नल से जल पहुँचाकर जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। यह पहल न केवल स्वच्छ पानी की सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन को भी बेहतर बना रही है।÷ जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में और पीएचई कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत की मॉनिटरिंग में अच्छे से परिवार को शुद्ध जल मिल रही है जिसकी तारीफ जनमानस में दिख रही है ।



कवर्धा। मूंगफल्ली बेचने वाला कवर्धा में खुश

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के सदस्यों को रियायती दर में शक्कर का वितरण 26 सितंबर तक

कवर्धा, 24 सितंबर। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के गन्ना विक्रेता अंशधारी सदस्यों को 12 अगस्त 2024 से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा रियायती दर पर 25 रुपए प्रति किग्रा के मान से शक्कर वितरण का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत आज तक लगभग 11 हजार 183 गन्ना विक्रेता अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण किया जा चुका है। ऐसे गन्ना विकेता अंशधारी सदस्य जिनके द्वारा आज दिवस तक भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा से रियायती दर पर शक्कर प्राप्त नहीं की गई है वे कारखाना द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 26 सितंबर 2024 तक शक्कर का उठाव अनिवार्य रूप से कर ले। ऐसे गन्ना विक्रेता अंशधारी सदस्य रियायती दर पर शक्कर प्राप्त करने के लिए अपने साथ विगत पेराई सत्र 2022-23 अथवा 2023-24 गन्ना विक्रय किये गये तौल पर्ची की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, शेयर प्रमाण पत्र अथवा शेयर प्राप्ति के लिए जमा मनी रसीद की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करें।

ग्राम सेलूद में 24 कुंडीय यज्ञ होगा आयोजन, हजारों की संख्या में जुटेंगे धर्मप्रेमी :अशोक सिंह

उतई,24 सितंबर। ग्राम सेलूद में 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा महापुराण कथा विराट महिला सम्मेलन 2 से 5 जनवरी 2025 के प्रचार प्रसार अभियान के अंतर्गत एवं परम पूज्य गुरुदेव वंदनीया माता जी के अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर भव्य भागीदारी संकल्प दीप महायज्ञ ग्राम सेलुद कर्मा मंदिर में संपन्न हुआ जिसमें ग्राम के प्रबुद्ध वर्ग ग्राम सरपंच, ग्राम वासियों भाइयों बहनों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी संकल्प दीप महायज्ञ में शामिल हुए द्य इस दिव्य कार्यक्रम में विशेष रूप से पंडित राजन शर्मा जी अभी उदय संस्थान अछोटी एवं ग्राम सरपंच श्रीमती खेमिन साहू, पूर्व सरपंच खेमलाल साहू, बीपी शर्मा, नायक गुरुजी, ठाकुर अजय सिंह, दाऊ महेंद्र बंछोर, श्रीमती सीता, श्रीमती लीला सिंह, श्रीमती पुष्पा, श्रीमती सुभद्रा साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती मधु यादव, श्रीमती शिवराजी, श्रीवास श्रीमति विमला साहू, श्रीमति मंजू साहू, श्रीमति, देवला, श्रीमती दामिनी धनकर श्रीमती दामिनी वर्मा, श्रीमति ललिता साहू, श्रीमति दीपिका, श्रीमति तुलेश्वरी आदि बहनों एवं गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी की प्रमुख ट्रस्टी श्री लाजेश कुमार वर्मा,अरुण वर्मा जगन्नाथ देवांगन सहायक प्रबंध ट्रस्टी, कौशल कुमार आडिल कोसा अध्यक्ष,अशोक सिंह समन्वय सियाराम चंद्राकर व्यवस्थापक, गया राम साहू जी ट्रस्टी पवन कुमार ओमप्रकाश वर्दे, भूपत साहू,गबरू राम यादव नंदू राम साहू मुरलीधर अंगारे सरजू राम साहू, भीकम साहू धनेश्वर साहू,घनश्याम पटेल, टेमन वर्मा, कृष्णा साहू, दीना चंद्राकर नंद कुमार तिवारी, टी पी शर्मा भाइयों बहनों ने संकल्प लेकर महायज्ञ को ऐतिहासिक बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया द्य संकल्प दीप महायज्ञ श्री चंद्रजी श्री नेतराम जी, सरजू राम साहू, ओमप्रकाश,भूपत साहू भीखम साहू की टोली ने संपन्न किया संचालन अशोक सिंह समन्वय एवं आभार सरपंच सेलूद श्रीमती खेमिन खेमलाल साहू ने किया ।

अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर उद्घाटित

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई के मैदान में आयोजित उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल अन्य प्रदेश के खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ की धरती में स्वागत अभिनंदन किया उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह आयोजन मिनी इंडिया भिलाई में किया जा रहा है, यहां पर देश के सभी प्रांतो के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि योगा, वेटलिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें पूरी मनोयोग की आवश्यकता होती है। गृहमंत्री शर्मा ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुलिस के जवान खिलाड़ी अपने प्रतिभा के बल पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करें कार्यक्रम के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस के जवान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन बेहतर ढंग से करते आ रहे हैं। इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भी आप अपने प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रदेश का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने भिलाई की धरा में सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत किया विशिष्ट अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जोर दिया। अतिथियों ने प्रतियोगिता का शुभांकर का विमोचन, उल्लास एवं उमंग के प्रतीत आकाश में गुब्बारे छोड़े गये। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक की प्रस्तुति दी गई। समारोह में संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी. गर्ग, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित विभिन्न प्रदेशों से प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित थे खेलों को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने यह हर्ष एवं गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है प्रतियोगिता में योगा, वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग शामिल है। जिसमें 33 प्रदेश के 1141 प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता भिलाई नगर के तीन स्पोर्टर्स क्लबों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। यह आयोजन खेलों के दक्षता सुधारने का एक प्रयास है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहाम कि खेल भावना का प्रदर्शन केवल मैदान में ही न हो, यह प्रदर्शन खिलाड़ी के जीवन में भी झलकना चाहिए। इससे पूर्व खिलाड़ी प्रतिभागियों द्वारा आकर्षक माचर्पास्ट किया गया। खेल मशाल प्रज्जवलन के साथ खिलाड़ियों द्वारा खेल भावना की शपथ ली गई ।

दिव्यांग खेल महाकुंभ का आयोजन 25 से

भिलाईए 24 सितंबर। छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहली बार छत्तीसगढ़ के दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए भिलाई शहर मे ऐतिहासिक दिव्यांग खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जो 25 सितंबर से 29 तक सेक्टर.1 ग्राउंड में आयोजित किये जा रहे हैं । सेंट्रल जोन दिव्यांग क्रिकेट टी.20 टूर्नामेंट का ट्रॉफी अनावरण केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा हो चुका है। टूर्नामेंट में सेंट्रल जोन से विदर्भए उत्तर प्रदेशएराजस्थानए मध्यप्रदेशए उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ ; मेजबान द्ध की टीमें हिस्सा ले रही हैं। लगभग 100 खिलाड़ी भाग लेंगे । डीसीसीआई के कन्वेनर धीरज हरडे ने बताया कि भारत में दिव्यांग क्रिकेट के विकास में अटूट भागीदारीए समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के कारण इस क्रिकेट को नई पहचान मिली है ।

मेरिट अवार्ड के लिए बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों से आवेदन आमंत्रित

भिलाई, 24 सितंबर। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र का शिक्षा विभाग बीएसपी के नियमित कर्मचारियों के कक्षा आठवींए दसवीं और बारहवीं के पात्र बच्चों को शैक्षणिक वर्ष 2023.2024 के लिए मेरिट अवार्ड प्रदान करने हेतुए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। यह योजना उन कर्मचारियों पर प्रत्यक्ष रूप से आश्रितों ;डायरेक्ट डिपेंडेंट्सद्ध के लिए खुली है जो आवेदन की तिथि तक सेवा में हैं। बीएसपी खदानों में स्थित स्कूलों के बीएसपी कर्मचारियों के बच्चे भी इस योजना के तहत दिए जाने वाले पुरस्कार के लिए पात्र हैं। शैक्षणिक सत्र 2023.2024 में कक्षा आठवीं दसवीं और बारहवीं में मेरिट में अर्हता प्राप्त करने वाले बीएसपी कर्मचारियों के चयनित मेधावी बच्चों को छह श्रेणियों में कुल 36 एकमुश्त पुरस्कार दिए जाएंगेए उन्हें मेरिट पुरस्कार योजना 2023.2024 के तहत सम्मानित किया जाएगा।

जामुल में बंछोर ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

भिलाई, 24 सितंबर। मंगल भवन जामुल में सोमवार को संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपाए पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने फीता खोलकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में कुल 157 रक्तदान किया गया।जिसमें महिलाओं ने 36 यूनिट और पुरुषों ने 121 यूनिट रक्तदान किया। सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ लगी रही।कुल 198 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीयन कराया। हीमोग्लोबिन की कमी व अन्य कारणों की वजह से 41 लोगों को रक्तदान के लिए अयोग्य घोषित किया गया। जोनल इंचार्ज गुरुबख्श कालराए ब्रांच संयोजक सतपाल सैनीए इंदरजीत निरंकारीए जामुल ब्रांच मुखी पंचराम साहूए प्रशांत गुप्ताए नूतन वर्मा व ओमप्रकाश साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दुर्ग ब्लड सेंटर जिला अस्पताल दुर्ग प्रभारी डॉ प्रवीण अग्रवाल के सानिध्य में केम्प प्रभारी डॉ पीयूष श्रीवास्तव की देखरेख में प्रभारीए रूपेश सरपे सुपरवाइजरए लैब टेक्नीशियन रोशन सिंहए दिनेशए कुसुम चंद्राकरए महेशए कृष्णकांतए ओमप्रकाशए स्टाफ नर्स तरुणाए काउंसलर टी एस एंथोनीए चित्रलेखा पैरा मेडिकल स्टाफए नम्रताए प्राचीए यशवंतए गोवर्धनए मनोज ने रक्तदान शिविर में अपना सहयोग दिया।

टीए बिल्डिंग परिसर में सफाई के लिए किया गया सामूहिक श्रमदान

भिलाई, 24 सितंबर। सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 23 सितम्बर को नगर सेवाएं विभाग द्वारा प्रशासनिक कार्यालय टीए बिल्डिंग परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ताए महाप्रबंधक के के यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया।

स्वच्छता सेवा अभियान में उद्यान की सफाई की

रिसाली। स्वच्छता ही सेवा अभियान के छटवें दिन नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के कल्याणी मंदिर तालाब के निकट स्थित उद्यान की सफाई की गई। क्षेत्रीय नागरिकों ने उद्यान में श्रमदान किया। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता अभियान में नागरिक उद्यान में गंदगी नहीं फैलाने का संकल्प भी ले रहे हैं। इसी पखवाड़े में नगर पालिक निगम रिसाली ने क्षेत्र के सभी उद्यानों की सफाई करने की कार्य योजना तैयारी की है। इसी के तहत सोमवार को जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और नागरिकों ने एक साथ कल्याणी मंदिर तालाब और बीण्आरण्पीण् गेट नंण् 2 के बीच स्थित उद्यान की सफाई करने हाथ बढ़ाया। इस उद्यान में जंगली घास और झाड़िया उग आई है। निगम कर्मचारियों ने घास कटर से जंगली घास की सफाई की। वहीं नागरिकों ने खरपतवार को उखाड़कर बाहर किया। मैत्री विद्या निकेतन के सामने उद्यान की सफाई निगम कर्मचारियों ने पहले किया। इसके बाद सुबह 10 बजे कर्मचारी और नागरिक बीण्आरण्पीण् गेट नंण् 2 के निकट बने उद्यान पहुंचे। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि उद्यान को उजाड़ बनाने और गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूल किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को दोषियों से 500 लेने निर्देश दिए हैं।

एमआईसी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

भिलाई 03। नगर पालिक निगम भिलाई. चरौदा कांफ्रेंस हाल में सोमवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक आहूत की गयी। जिसमें महापौर निर्मलकर कोसरे सहित सभी एमआईसी सदस्य व अधिकारीगण शामिल रहे। बैठक में सबसे पहले 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत क्षेत्र के तालाबों का रिजुविनेशन कार्य एवं 15 वे वित्त आयोग मद अंतर्गत मिलियन प्लस सिटी के अग्लोमरेशन टाईड फंड से निविदा आमंत्रण पर विचार उपरांत निर्णय लिया गया। एमआईसी सदस्य मोहन साहूए मनोज कुमारए ईश्वर साहूए एसण् वेंकट रमनाए एम जॉनीए श्रीमती दीप्ति आशीष वर्माए श्रीमती संतोषी निषादए श्रीमती देवकुमारी भलावी के साथ निगम कमिश्नर डीण्एसण्राजपूतए कार्यपालन अभियंता सुनील जैनए सहायक अभियंता प्रशांत शुक्लाए सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबेए सचिवालय लिपिक मुकेश यादव एवं जनसंपर्क लिपिक विकास चन्द्र त्रिपाठी सहित अन्य कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का राष्ट्रनिर्माण में अहम योगदान : मुख्यमंत्री

रायपर, 24 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। स्वयं सेवको ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी सेवा की अलख जगाई है। स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान सहित शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में रचनात्मक योगदान देकर एक मिसाल प्रस्तुत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्ति के कार्य में स्वयं सेवकों को सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य इकाई को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 50 लाख रूपए की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य इकाई के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 13 लाख रूपए की राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 50 लाख रूपए किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर., इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त श्री जनक प्रसाद पाठक, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवा स्वयंसेवियों, कार्यक्रम अधिकारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया तथा एनएसएस की पत्रिका समर्पण का विमोचन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सौवीं जयंती पर हुई थी। पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. कलाम को याद करते हुए कहा कि वे अक्सर कहते थे कि अपने लिये मत जियो, ऐसे जियो कि आने वाली पीढ़ी को तुम पर गर्व हो। आने वाली पीढ़ी आप पर गर्व तभी करेगी जब आप अपने रचनात्मक योगदान से समाज को कुछ देकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जो मशाल हमें सौंपी है, उसे हमें आगे ले जाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य पथ में आयोजित परेड में हमारे राज्य की राष्ट्रीय सेवा योजना की आठ छात्राओं ने हिस्सा लिया।

यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। यह परेड नारी शक्ति को समर्पित थी और हमारी छात्राओं ने इसमें हिस्सा लेकर प्रदेश का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए बड़े काम कर रही है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जा रही है। युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है। नये जमाने के ट्रेड्स से उन्हें परिचित कराया जा रहा है। युवा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स का कौशल सीख सकते हैं। युवाओं को प्रोफेशनल पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा योजना के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही है। विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में भर्ती निकल रही है। उद्यम के क्षेत्र में जाने के इच्छुक युवा छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा युवाओं को उद्योग जगत में अवसर प्रदान करने इंटर्नशिप योजना आरंभ की गई है। इसमें देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को काम सीखने का मौका मिलेगा और इसके लिए भत्ता भी मिलेगा।

आप सभी इसका भी समुचित प्रचार-प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कहते थे कि मुझे 100 ऊर्जावान युवा मिल जाएं तो मैं देश की दशा और दिशा बदल सकता हूँ। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना से एक लाख छह हजार स्वयंसेवक जुड़े हैं। इस विशाल संख्या और आप लोगों के उत्साह और ऊर्जा को देखकर मैं पूरी तरह आश्वस्त हूँ कि हम विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से प्रदेश में 7 से 8 लाख युवा वालेंटियर तैयार किए गए हैं, वर्तमान में एनएसएस के एक लाख से अधिक वालेंटियर हैं, जो रचनात्मक कार्यों में योगदान दे रहे हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त श्री जनक प्रसाद पाठक ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम को संचालन एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर.पी. अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए एनएसएस से जुड़े विद्यार्थी, अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक नजर

रामजी भारती के जन्मोत्सव पर कवि सम्मेलन 25 सितंबर को

डोंगरगढ़ ,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। कृषि उपज मंडी में 25 सितम्बर 2024 को संध्या 7.30 कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक

एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा के रामजी भारती के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा ढेर सारी बधाई देते हुए बताया कि श्री भारती के जन्मदिन को महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। नगर के कृषि उपज मंडी में 25 सितम्बर की शाम को गुलजार बनाने के लिए शाम 7.30 बजे से कवि सम्मेलन व सुरुचि भोज का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें प्रदेश भाजपा के आला नेताओं सहित जिले के कई भाजपा नेता सहित डोंगरगढ़ विधानसभा के नेताओं सहित कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। भाजपा के जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने बताया कि श्री भारती जी के जन्मदिन महोत्सव की शाम को गुलजार करने के लिए रायपुर व नागपुर के दिग्गज कवि जिसमें प्रमुख रूप से रामेश्वर वैष्णव रायपुर, मीर अली रायपुर, संजय कबीर शर्मा, रायपुर सहित सरिता सरोज नागपुर द्वारा अपने कला का रंग दिखा श्रोताओं का मन लोभ लेंगे।

पं. सुंदरलाल मुक्त विवि में यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश 30 सितम्बर तक

डोंगरगढ़ ,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़

में सत्र 2024-25 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.एस.सी. बी.कॉम, बी.बी.ए. एवं बी.लिब. तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अंतर्गत एम.ए. हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एम.ए. शिक्षा, एम.ए. छत्तीसगढी, एम.कॉम., एम.एस.सी. गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एम.एस.डब्ल्यू, एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों में 30 सितम्बर तक प्रवेश लिया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु विद्यार्थी 9301054893 पर संपर्क कर सकते है।

रोजगार गारंटी योजना में किया काम,पैसे के लिए सालभर से भटक रही है महिला

डोंगरगांव ,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। ग्राम पंचायत आसरा की एक महिला एक साल से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अपनी मजदूरी प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है। महिला का कथन है कि उसने मनरेगा के तहत भूमि सुधार कार्य में किया था, लेकिन अब तक उसे उसकी मजदूरी नहीं मिली है। मामला ग्राम पंचायत आसरा निवासी बिंझवारी बाई साहू की है, उन्होंने बताया कि मैं मनरेगा के तहत गांव में भूमि

सुधार कार्य सन् 2022- 23 में कुल 32 दिन काम किया हुं । जिसका भुगतान मुझे आज तक अप्राप्त है, मैं इसका शिकायत कलेक्टर को भी किया हूं। मैं ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की चक्कर लगाते लगाते थक गई हूं। आगे बताया कि कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों के पास अपनी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन हर बार उसे केवल आश्वासन ही मिला। इस देरी के कारण वह आर्थिक तंगी से जूझ रही है और परिवार के भरण-पोषण में भी दिक्कतों का सामना कर रही है। गरीब लोग मनरेगा में काम करते है और विभाग की गलती के कारण आम जनता को भुगतना पड़ता है,

ग्राम नीचेकोहडा में 15 दिनों के अंतराल में 8 लोगों की मौत से ग्रामीण भयभीत

- मरने वालों में महिला व पुरुष दोनों हैं
- स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद में ,विधायक के पहुंचने पर प्रशासन को हुई जानकारी

मोहला,24 सितंबर (जावेद शेख)

विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम नीचेकोहड़ा में विगत 15 दिनों के अंतराल में 8 लोगों की रहस्यमय तरीके से आकस्मिक मौत हो गयी है। जिसमें चार महिलाएं एवं तीन पुरुष है इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते ही इन लोगों की मौत हुई है।परिवार एवं गांव वाले मौत का कोई ठोस कारण नही बता पा रहे है केवल सामान्य सर्दी खांसी एवं उल्टी दस्त होने से ही प्रारंभिक तौर पर मौतो की खबर ग्रामीण बता पा रहे है। ।

उल्लेखनीय है कि ग्राम नीचेकोहडा में लगातार आकस्मिक मौतो का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है , रहस्यमय मौतो के क्रम में पहली मौत 28 अगस्त को हुई थी वही आखिरी दो मौतें 13 सितंबर को हुई है। सात में से चार ग्रामीण राजनांदगांव वहीं एक ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ चौकी में दम तोड़ा है दो ग्रामीणों ने गांव में ही अंतिम सांस लिया। पीड़ित परिवार के अनुसार रेणुका नायक उम्र 23 साल तथा सती कंवर उम्र 18 साल दोनों सहेली थी दोनों की एक ही दिन में मौत हो गई। कुमारी रेणुका नायक गांव से सामान्य स्थिति में स्कूटी से सफर कर चौकी अस्पताल गई थी वहां से अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे राजनांदगांव रिफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। वही उसकी दूसरी सहेली सती कंवर का भी अस्पताल में इसी तारीख को मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रहे मौतों की जानकारी होने के बावजूद ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर आर धुर्वे, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एस आर मंडावी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौडीकसा प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल लोगों के मौतो में खामोश बैठकर तमाशा देख रहे हैं।इस दौरान ग्रामीणों ने एक जगह इकट्ठा होकर विधायक मंडावी से गांव में हो रही घटना के संबंध में विस्तार से बताया तत्पश्चात विधायक ने पीड़ित परिवारों के घर घर जाकर मुलाकात किया एवं रोते बिलखते परिवारों को ढांढस बंधाया साथ ही डोर टू पहुंचते हुए ग्रामीणों से बातचीत किया।

बीएमओ , सीएमओचो को विधायक ने लगाई फटकार -स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष कुर्सी में ,20 -25 सालों से सांप की तरह कुंडली मार के बैठे ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर आर धुर्वे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस आर मंडावी को नीचेकोहड़ा पहुंचे विधायक इंद्र शाह मांडवी ने लगातार मौतों की जानकारी लेना चाहा तो दोनो अधिकारियों ने घटना की जानकारी से इनकार किया जिस पर विधायक ने फोन पर फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने तथा विशेष शिविर लगाकर डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया। जबकि 15 दिनों के अंदर 8 मौतें चौकी सामुदायिक केंद्र से गुजर कर हुई है इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है जैसे खुद प्रशासन लोगों को गैर इरादतन मौत की तरफ धकेल रही है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डॉक्टर रहता है नदारद-ग्राम नीचेकोहड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा के अंतर्गत आता है जहां के प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल राजनांदगांव में निवास करते है माह में एक दो बार अस्पताल पहुंचकर पूरे माह का फर्जी उपस्थिति दर्ज करते हैं , इससे पूर्व भी विधायक श्री मंडावी ने जब कौडीकसा हॉस्पिटल का दौरा किया था तो वहां से भी डॉक्टर मार्शल नदारद मिले थे जबकि उस दौरान लेड़ीजोब में डायरिया का प्रकोप चल रहा था और मरीज कौड़ीकसा सहित चौकी में एडमिट थे।

इनकी हुई है मौत- मृतक रेणुका नायक उम्र 23 साल, कुमारी सती कंवर उम्र 18 साल, सरिता पटेल उम्र 45 साल, बिरेंद्र कुमार भूआर्य उम्र 23 साल, नंद कुमार नायक उम्र 45 साल, हट्टे राम निर्मलकर उम्र 55 साल एवं सूरजा बाई उम्र 70 साल का 15 दिनों के अंदर रहस्यमय तरीके से मौत हो गया है। वही नीचेकोहडा गांव में बेहद संख्या में लोग बीमार है साथ ही खून की उल्टी कर रहे हैंऔर स्वास्थ्य महकमा अनजान बने बैठा हुआ है।

निगम के अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों ने रेल लाइन के किनारे की सफाई

राजनांदगांव , 24 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाडा में स्वच्छता लींग 2.0 कार्यक्रम अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता प्रसंग पर नगर निगम द्वारा जन सहभागिता से स्वच्छता पर विभिन्न गतिविधिया की जा रही है, इसी के तहत आज ममता नगर अंडर ब्रिज के पास रेल्वे लाईन के किनारे जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया गया, अभियान में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीया ममता नगर अंडर ब्रिज के पास के नागरिकों के साथ मिलकर साफ सफाई किये, इसी प्रकार गत दिवस ग्रामीण वार्ड रेवाडीह में स्वच्छता अभियान चलाया गया था। 17 सितम्बर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वास्थ्य अमला नागरिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधिया संचालित कर रहे है। जिनमें स्वच्छता रैली, मैराथन, वाल पेंन्टींग, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, व्यवसायिक स्थलों की सफाई के अलावा विद्यार्थियों में स्वच्छता का अलख जगाने क्वीज, रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता आयोजित किये गये और कल से सार्वजनिक स्थानों में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कल ग्रामीण वार्ड रेवाडीह में ग्रामवासियों के साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों ने गॉव में साफ सफाई कर कुडा करकट की सफाई किये, वही आज सुबह ममता नगर अंडर ब्रिज के पास रेल्वे लाईन के बाजू साफ सफाई कर मुक्कड से कचरा उठाया गया। स्वच्छता अभियान में नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके ने जन मानस को स्वच्छत अपनाने, अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने, कचरा अलग अलग रख निगम की गाडी में डालने, सप्ताह में 2 घंटे सफाई करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने शपथ दिलायी। उन्होने कहा कि स्वच्छता पखवाडा का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोडना है, क्योकि बिना जन सहभागिता से साफ सफाई रखना संभव नहीं है। सभी की सहभागिता से हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ होगा। स्वच्छता अभियान में निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीयों के अलावा नागरिकों की महती भूमिका रही।

अर्जुनी विद्युत मंडल में कांग्रेसियों का हल्ला बोल

डोंगरगांव , 24 सितम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़

बिजली विभाग के खिलाफ आज डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम अर्जुनी में कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया और रैली लेकर विद्युत विभाग पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया।विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में धरना सभा में कांग्रेसी वक्ता टिकेश साहू,हुकुमचंद जैन,मदन साहू,विभा साहू,महेंद्र यादव,बलिराम साहू,गणेश साहू,डॉ.नरेंद्र साहू ने विद्युत मंडल के कार्यप्रणाली पर जमकर आक्रोश बम फोड़ा जे.ई के व्यवहार व कार्यक्षेत्र में निवास नही करने से होने वाली परेशानी से भी अवगत कराया साथ ही कार्यक्रम का संचालन कर रहे चुम्मन साहू ने ध्यानाकृषित कराया की पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार ने जनहित में बिजली बिल को हाफ किया था किंतु ये विष्णुदेव साय की जनविरोधी भाजपा सरकार ने बिजली बिल को फूल और बिजली को हाफ कर दिया है उपस्थित किसानों और आम जनों को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने तकनीकी रूप से छः महीनों के जुटाए साक्ष्य के आधार पर बताया की लगभग 250 करोड़ रुपए की राशि हमारे क्षेत्र के विद्युत मेंटनेंस के लिए आबंटित हुई है जिसका केवल 3त्न राशि ही विद्युत विभाग ने खर्च किया और अब खर्च करने की समय सीमा भी खत्म होने वाली है साथ ही तथ्यों के साथ यह भी आरोप लगाए की मेरे द्वारा लगभग 64 लाख रुपए की स्वीकृति की गई था विभिन्न गांवों में ट्रांसफार्मर और अन्य विद्युत समस्याओं के लिए किंतु उनपर भी इस सरकार के अधिकारियों ने अब तक काम नही किया। उक्त सभी बातो पर लिखित प्रकाश डालते हुए तहसीलदार की उपस्थिति में जेई को ज्ञापन सौंपा गया और निराकरण नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। वही कमलेश साहू,रोशन बंजारे,रोशन साहू की युवा टीम द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया।

मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू,जमुना साहू,महेंद्र वैष्णव,प्रदीप रत्नाकर,नूतेंद्र सिन्हा कुंभ जोशी,वारेन साहू,देवेंद्र साहू,मोहनीश साहू,मंगलू साहू, दिबिका साहू,मयंक यदु,धनेश निषाद, द्रौपदी साहू,कमलेश सोनकर,दीनू सोनकर, लता भगत,हबीमा बेगम,संतोष ठाकुर,लोकेश निषाद,अमर साहू, तुलासा साहू,मीना साहू,बिंदिया मंडावी, थानिन निषाद,कृत साहू, डोमन साहू,रूपचंद साहू,अमर सिंह साहू,भागवत साहू,तेजराम सोनकर,तालसिंह साहू,गोपी नेताम,सोनूराम पटेल, मात्याराम सोनी,जितेंद्र तिवारी,सिद्धि निषाद,दिलीप साहू,महेश साहू, डामन साहू,रामस्वरूप साहू,मानदास साहू,फेरूराम,कीर्तिवल्लभ साहू, अगनराम साहू,निर्भय राम साहू,पुरुषोत्तम साहू,रामकुमार साहू,महेश साहू,गोवर्धन साहू,निर्भय साहू,सतानंद साहू,घनश्याम साहू,डोमेश्वर साहू,इमेश साहू,मुकेश साहू,भूषण साहू,गणेश साहू,लीलाराम ठाकुर सहित अन्य जन उपस्थित थे।

ट्रेन से शराब तस्करी करते एक शराब तस्कर पकड़ा गया

डोंगरगढ़,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नशे के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश प्रदेश पुलिस को देने के बाद पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते नशे के अवैध व्यपारियों के उपर शिंकन्जा कसते हुए सूचना मिलते ही लगातार कार्यवाही जारी है जिससे शराब तस्कर अब रोड मार्ग को छोड़ रेल मार्ग से अवैध शराब की तस्करी कर रहे है जिसे रेलवे सुरक्षा बल व डोंगरगढ़ थाना पुलिस के ज्वाइंट आपरेशन के तहत आरोपी को दिगर राज्य की अवैध मदिरा के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, अवैध शराब बिक्री/तस्करी, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 22 सितम्बर.2024 को मुखबीर से सूचना मिली कि अभय सहारे निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ द्वारा महाराष्ट्र से ट्रेन से शराब लाकर अवैध रूप से शराब बिक्री करता है आज भी शराब लेकर ट्रेन से आने वाला है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा

तत्काल रेलवे सुरक्षा बल मंडल टॉस्क टीम नागपुर के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के लिए रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ में ट्रेन के आने के बाद आरोपी ट्रेन से उतर कर रेलवे पटरी के किनारे-किनारे चलते मंदिर परिसर की ओर जा रहा था जिसे घेराबंदी कर भाटिया पेट्रोल पंप व आदर्श नगर ओवर ब्रिज के बीच आरोपी को पकड़ा गया। मौके पर आरोपी अभय सहारे पिता कैलाश सहारे उम्र- 24 साल साकिन कालकापारा, डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 के कब्जे से एक नीला रंग के बैग में रखे 01. मेकडॉवल नं0- 01 अंग्रेजी शराब 06 पौ पौवा, 02. रायल स्टेज अंग्रेजी शराब- 24 पौवा, 03. स्टेरलिंग रिजर्व बी7 शराब 10 पौवा कुल- 40 पौवा, कुल मात्रा- 7.200 बल्क लीटर किमती- 7260/-रू0 को जप्त किया गया। आरोपी से पुछताछ करने पर शराब को गोंदिया महाराष्ट्र से ट्रेन में लेकर अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने हेतु शराब बिक्री करने हेतु लाना बताया। जो आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत नेहरू स्टेडियम की सफाई

डोंगरगढ़,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत योद्धा फिजिकल डिफेंस एकेडमी डोंगरगढ के ट्रेनी छात्र छात्राओं सहित आईटीबीपी जवानों ने संयुक्त रूप से शासकीय नेहरू कॉलेज स्टेडियम डोंगरगढ़ की साफ सफाई कर स्टेडियम परिसर में बढे हुए काँटादार पौधे

व बढ़ी हुई घास को काट कर जनहित में सहयोग प्रदान किया गया। वहीं नगर के गणमान्य सुबह शाम सैर सपाटा करने वाले परिवार के लोगों ने बताया कि लाखों की लागत से नेहरू स्टेडियम में घास उगाई गई थी व क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, पुलिस ट्रेनिंग सहित नगर के प्रायः लोग अपने बच्चों को लेकर आया करते थे परंतु स्टेडियम परिसर में जंगली घास बढ़ने व लाइट नहीं होने से सांप बिछुओ का डर सताया रहता है।

शातिर शराब कोचिया पुलिस के हत्थे चढ़ा

डोंगरगढ़/ चिचोला ,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। अवैध दारू, गाँजा, सफेदा, नशीली गोली, सिलोशन सहित कफ सिरफ, चरस, ब्रावुन शुगर,अफीम जैसे रोकथाम के लिए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के फरमान के बाद जिले की पुलिस अधीक्षक म मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री रोकने की मुहीम पर पुलिस चौकी प्रभारी भूषण चंद्राकर के नेतत्व में पुलिस चौकी उप निरिक्षक सुमेन्द्र खरे को 23 सितम्बर 2023 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम उरईडबरी में मन्नान मोहम्मद उर्फ गोलू खान नाम का व्यक्ति अवैध रूप से पैसा कमाने के उद्देश्य से यू0पी0 बिहार बिटटू ढाबा के बगल में अवैध

शराब बिक्री कर रहा है। कि सूचना पर चिचोला पुलिस द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही की गई व मौके से एक व्यक्ति अपने पास एक सफेद बोरी साथ लेकर खडा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मन्नान मोहम्मद पिता स्व. जान मोहम्मद उम्र 50 वर्ष ग्राम कोकपुर थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का रहने वाला बताया गया व तलाशी लेने पर एक सफेद बोरी के अंदर 16 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1440/रू तथा 14 पौवा जम्मू डिलक्स व्हीस्की शराब किमती 1820 /रू कुल जुमला शराब 5.400 बल्क लीटर जुमला किमती 3260/रू समक्ष गवाहन के बरामद कर जप्त किया।

संपादकीय

मोदी अपने लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं

किसी नेता को जब अपना लक्ष्य मालूम रहता है तो उसके लिए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना आसान होता है। उसे मालूम रहता है कि लक्ष्य को हासिल कैसे किया जा सकता है, उसके लिए उसको क्या करना है। पीएम मोदी को अपना लक्ष्य मालूम है। उनका लक्ष्य है भारत को विकसित भारत बनाना है। वह देश के भीतर ही नहीं देश के बाहर भी जो कुछ करते हैं, इसी सबसे बड़े लक्ष्य के लिए करते हैं। भारत को विकसित भारत बनाने के लिए जो कुछ करना है, वह कर रहे हैं। वर्तमान में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत रहे तथा विश्व में चल रही घटनाओं के चलते भारत पर कोई बुरा प्रभाव न पड़े। यानी विश्व में चल रहे तनाव व युध्द का भारत पर बुरा प्रभाव न पड़े। इसके लिए जरूरी है कि भारत अगले कुछ वर्षों के भीतर विश्व की तीसरी व्यवस्था बने। इसके लिए मोदी निरंतर प्रयास कर रहे है, वह जानते हैं कि विकसित भारत के लिए जरूरी है कि भारत की गिनती विश्व तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में हो। कोई भी अर्थव्यवस्था तब ही बड़ी बनती है जब वहां दुनियां भर से निवेश आए। चीन भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था ऐसे ही बना है लेकिन कोरोना के बाद वहां की स्थिति निवेश के लिए अनुकूल नहीं रह गई है, इससे लोग अब चीन से निकलकर भारत में आना चाहते हैं। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा भी है। पीएम मोदी जहां भी जाते हैं वहां इस बात को जरूर करते हैं कि विश्व में सबसे ज्यादा अच्छे अवसर भारत में है। अपने अमरीका दौरे में भी उन्होंने वहां के भारतीयों के बहाने दुनिया का बताया कि भारत दस साल में कितना बदल गया है उसकी आर्थिक स्थिति कितनी मजबूत है और निवेश के लिए कितना अनुकूल होता जा रहा है। यही नहीं क्वाड की बैठक में भी चीन व पाकिस्तान को बता दिया गया है कि अगर वह भारत के खिलाफ अपना रवैया नहीं बदलते हैं तो उसका खामियाजा उन्हीं को भुगतना पड़ेगा। पाकिस्तान को तो भारत दस साल में बता दिया है कि भारत को नुकसान पहुंचाने की सोचने वाले के साथ भारत क्या करता है और क्या कर सकता है। पाकिस्तान जितना आर्थिक रूप से कमजोर होता गया है, वह भारत को नुकसान नहीं पहुचा पा रहा है। मोदी को मालूम है कि अपने दुश्मन को लड़कर हराने की जरूरत नहीं है, उसे आर्थिक रूप से कमजोर कर दो वह अपने आप एक दिन हार मान लेगा। आज पाकिस्तान चाहता है कि भारत से उसके संबंध सुधरे लेकिन भारत एक ही बात कहता है कि जिस दिन आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद कर देगा भारत उसके साथ संबंध सुधारेगा। इसी तरह चीन से भी भारत दो मोर्चों पर लड़ रहा है। एक मोर्चा तो सीमा पर है जिसमें आखिर चीन ने अपनी सेना हटाकर संकेत दिया है कि सीमा पर तो वही होगा जो भारत चाहता है। चीन ने सीमा पर सेना लगाकर भारत को डराने व झुकाने की कोशिश की लेकिन भारत न डरा और न झुका आखिर में चीन को वही करना पड़ा जो भारत कह रहा था। दोनों की सेनाएं कई जगह से पीछ हट गई है। इससे सीमा पर भारत चीन के बीच जो तनाव था,वह कम हुआ है। अब भारत की कोशिश है विश्व अर्थव्यवस्था में भारत चीन जगह ले इसके लिए जरूरी है कि वह पहले पांचवी से तीसरी अर्थव्यवस्था बने। चीन जानता है कि मोदी के रहते भारत ऐसा कर सकता है, इसलिए वह हर चुनाव में कोशिश करता है, यहां के चीन के गुलाम नेताओं को हर तरह की मदद करता है कि वह मोदी को सत्ता में न आने दे। चीन की पूरी कोशिश के बाद भी मोदी तीसरी बार सत्ता में आ गए है तो इसी का असर है कि पाकिस्तान के बाद चीन को भी बात समझ में आ गई है भारत से पंगा लेने का मतलब है भविष्य में अपना नुकसान करना। मोदी ने अपने अमरीका दौरे में विश्व को बताने में सफल रहे हैं, विश्व राजनीति में भारत का अपना मुकाम है, अब भारत को उसके महत्व के अनुसार विश्व में स्थान दिया जाना चाहिए। यही वजह है कि क्वाड के देशों ने हर मंच पर भारत के प्रतिनिधित्व का समर्थन किया है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती | अशोक बजाज

प्रधानमंत्री आवास : अंत्योदय की उपज

महान विचारक एवं राजनीतिक चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में व्याप्त आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए 20 वी सदी में अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था. उन्होंने जब महसूस किया कि देश में अमीरी व गरीबी के बीच की खाई दिनों दिन गहरी होती जा रही है. एक ओर जहां समाज में ऐसे लोग हैं जिसके पास बेशुमार धन संपदा है वहीं दूसरी ओर एक बड़ा तबका ऐसा भी है जिसकी कमाई सीमित है, उनके लिए अपनी दैनंदिनी की आवश्यकता की आपूर्ति करना कठिन और दुष्कर है. यह तबका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है । इन्हें अपनी आजीविका के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है. इनका अपना कोई आशियाना भी नहीं है. अंग्रेजी हुकूमत ने इस वर्ग का काफी आर्थिक शोषण किया. उस दौर में इन्हें ना ही अपने श्रम का उचित मूल्य मिलता था और ना ही सम्मानजनक जीने का अवसर. अतः ये जमीदारों व साहूकारों के चंगुल में फंस कर गरीबी, बेकारी व भुखमरी के शिकार हो गये. उन्हें अपने जीवन यापन के लिए बंधुआ मजदूरी भी करनी पड़ी. अमीरी व गरीबी की खाई के साये में सन् 1947 में आजाद भारत का जन्म हुआ लेकिन आजादी के बाद भी यह समस्या नासूर बनी रही. इस व्यवस्था से व्यथित पं. दीनदयाल ने कहा कि आर्थिक असमानता की खाई को पाटने के लिए आवश्यक है कि हमें आर्थिक रूप से कमजोर लोंगों के उत्थान की चिन्ता करनी चाहिए क्योंकि ₹अर्थ का अभाव और अर्थ का प्रभाव ₹ दोनों समाज के लिए घातक है. पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि ₹हमारे प्रयास और हमारी विकास की योजनाएं ऐसी हों कि समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का विकास पहले हो. समाज के उपेक्षित व शोषित व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर आर्थिक समानता स्थापित करने का काम अन्त्योदय के सिद्धांत से ही हो सकता है. पं. दीनदयाल जी ने इस आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए अंत्योदय के सिद्धांत का प्रतिपादन करते हुए कहा कि हमारी भावना और सिद्धांत है कि वह मैले कुचैले, अनपढ़ लोग हमारे नारायण हैं, हमें इनकी पूजा करनी है, यह हमारा सामाजिक व मानव धर्म है. जिस दिन हम इनको पक्के सुंदर, स्वच्छ घर बनाकर देंगें, जिस दिन इनके बच्चों और स्त्रियों को शिक्षा और जीवन दर्शन का ज्ञान देंगें, जिस दिन हम इनके हाथ और पांव की बिवाईयों को भरेंगें और जिस दिन इनको उद्योंगों और धर्मो की शिक्षा देकर इनकी आय को ऊंचा उठा देंगें, उस दिन हमारा मातृभाव व्यक्त होगा। उनका मत था कि हमारी नीतियां, योजनाएं व आर्थिक कार्यक्रम कमजोर लोगों को ऊपर लाने की होनी चाहिए ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और उन्हें भी समाज के अन्य वर्ग के साथ बराबरी में खड़े होने का अवसर मिल सके. आजादी के बाद बनी विभिन्न सरकारों ने अंत्योदय के सिद्धांत की अनदेखी की, परिणाम यह हुआ कि भारत में गरीबी बढ़ती ही गई. एक बार गरीबी हटाओ का नारा भी दिया गया लेकिन वह भी केवल नारा बन कर ही रह गया. लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से ₹अंत्योदय₹ के सिद्धांत का पूरी तरह पालन किया जा रहा है. देश में आज ₹अंत्योदय₹ के सिद्धांत से प्रेरित होकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित हो रही है. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ सरकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लगातार प्रयास हो रहा है. मोदी सरकार ने सामान्य लोगों के आत्मगौरव और आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने वाली अंत्योदय प्रेरित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है. इन दिनों शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक विकास की असंख्य योजनाएं देश भर में चल रही है. इन योजनाओं के माध्यम से भारत के आम आदमी के जीवन-स्तर को सुधारने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के तेजी से प्रयास हो रहे हैं.इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सन 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूवात की थी. यह अंत्योदय प्रेरित योजना है जिसमें गरीब और बेघर लोगों को अपना खुद का घर बनाने के लिए सरकारी सहायता का प्रावधान है. इस योजना के तहत पिछले 10 सालों में पात्र गरीब परिवारों के लिए लगभग 4 करोड़ घर बनाए जा चुकें हैं. इस योजना के अंतर्गत बन रहें घरों में शौचालय एवं शुद्ध जल की व्यवस्था का भी प्रावधान है. पी.एम.ए.वाई. के तहत, लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना (रएउउ) 2011 के आंकड़ों के आधार पर किया जाता है. भारत सरकार ने अभी अभी इस योजना में बदलाव कर इसका दायरा बढ़ा दिया है. नए नियम के अनुसार जिन नागरिकों के पास टू व्हीलर, मछली पकड़ने की नाव, रेफ्रीजरेटर, लैंडलाइन फोन है या जिनकी आय 15,000 रुपए प्रतिमाह तक है उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र माना जाएगा. इसके साथ साथ ही जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगें. यह मोदी सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसका क्रियान्वयन उन व्यक्तियों को लक्ष्य करके किया गया है जिन्हें पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति की संज्ञा देकर सबसे पहले उनके उदय (विकास) की बात रखते हुये अंत्योदय का सिद्धांत प्रतिपादित किया था. मोदी सरकार लक्ष्य अन्त्योदय, प्रण अन्त्योदय व पथ अन्त्योदय के ध्येय के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं - ₹ घर की चाबी सम्मान, आत्मविश्वास, सुनिश्चित भविष्य, नई पहचान और बढ़ती संभावनाओ के द्वार खोलती है.₹ वास्तव में हर व्यक्ति का एक सपना होता है कि उसका स्वयं का एक पक्का आशियाना हो. मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ कर गरीबों के इस सपने को साकार करने का काम किया है. पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का अंत्योदय प्रधानमंत्री आवास के रुप में फलीभूत हो रहा है. वास्तव में उनका यह सिद्धांत 21 वी सदी में विकसित भारत का आधार बन चुका है.

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ नए अनुबंध स्थापित करने के लिए रहेगा। आपके मन में किसी काम को लेकर संशय रहने की संभावना है। आप अपने व्यवसाय में कुछ नई योजनाओं की शुरूआत कर सकते हैं। संतान की मनमानी के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। आपको किसी छोटी बात को नजरअंदाज नहीं करना है। आपका कोई सहयोगी आपको बिजनेस को लेकर अच्छी सलाह दे सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं फिर से उभर सकती हैं, लेकिन बड़े सदस्य की मदद से आप उन्हे आसानी से दूर कर सकेंगे। आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती है। किसी नए काम के प्रति आपकी रुचि जागृत हो सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई में अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा।

मिथुन- बिजनेस कर रहे लोगों को किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में समस्या आएगी, जिसके लिए वह काफी व्यस्त रहेंगे। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां में भी ढील दे सकते हैं। माता जी का पुराना रोग उभर सकता है। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आपका कोई शत्रु आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेगा। आपकी संतान को अच्छी सफलता मिलने की संभावना है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी किसी पुरानी मित्र से मुलाकात होगी। रिश्ते बेहतर रहेंगे। आपको अपने गुरुजनों की बातों को नजरअंदाज नहीं करना है। आपका यदि कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। किसी गलती को लेकर आपको अपने जीवनसाथी से माफी मांगनी पड़ सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। कार्यक्षेत्र में आपके कामों से अधिकारी खुश रहेंगे। आप किसी नए घर की खरीदारी की योजना बना सकते हैं। आप अपने मन में चल रही किसी बात को लेकर माताजी से बातचीत करेंगे। आपकी साथ में सम्मान में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगी। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपकी सेहत नरम गरम रहेगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान की सेहत से जुड़ी समस्या उभरने की संभावना है। आप कार्यक्षेत्र में बिना सोचे समझे किसी से कोई वादा ना करें। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपको कोई निवेश संबंधी बातों को सोच समझकर करना होगा। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ डालने से बचना होगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है और आपके खर्च आपको परेशान करेंगे, जिन पर आप लगाम लगाने के बारे में सोंचे।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आने वाला है। बिजनेस में यदि आपने पार्टनरशिप की तो आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप प्रतियोगिता में सफलता हासिल कर सकते हैं। आपकी अपने कामों को लेकर आगे बढ़ेंगे। आपके इनकम के सोर्स में भी वृद्धि होगी, जिससे आपको खुशी होगी। भाई- बहनों से आप किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपकी आर्थिक स्थिति के लिए बेहतर करने के लिए रहेगा। कारोबार में आपके कुछ नए बदलाव होंगे, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी के कहने में आकर कोई निर्णय न लें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों से मिल बैठकर बातचीत करनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपने यदि पहले किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे आप काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। व्यापार में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपके शत्रु भी आपके सामने घुटने टेकेंगे, तो आप अपनी चतुर बुद्धि से आसानी से मात दे सकेंगे। आपको अधिक ठंडा खाने से बचना होगा, नहीं तो आपको गले में इन्फेक्शन आदि होने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको बिजनेस में चल रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी। आपके भाई व बहन कामों मे आपका पूरा साथ देंगे। आप अपने घर को रिनोवेशन करने की तैयारी में लग सकते हैं, लेकिन आप अपनी आय को ध्यान में रखकर व्यय करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जीवनसाथी आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकती हैं। आप अपने परिवार में समस्याओं को नजरअंदाज करेंगे, तो वह बढ़ सकती हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला हैं। आपकी कोई समस्या अचानक से उभर सकती हैं, जिसको लेकर आप बिल्कुल ढील ना दें। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी के लिए घर से दूर जाना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र में आप कोई निर्णय समय पर लें, नहीं तो आपको उसका लाभ मिलने में समस्या आएगी। आपको किसी काम को पूरा करने में अपने मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। संतान की पढ़ाई लिखाई को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आपको अपने कामों के समय से पूरा न होने के कारण कुछ समस्या होने की संभावना है।

विश्लेषण | मनोज कुमार अग्रवाल

रेलवे ट्रैक पर कौन कर रहा है आतंक की साजिश ?

रेलवे इन दिनों आतंक की बड़ी साजिश से जूझ रही है। हाल ही में उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन पर बुरहानपुर जिले के ट्रैक पर सैना की स्पेशल ट्रेन के गुजरते समय दस डेटोनेटर रखे पाए गए. ये घटना 18 सितंबर की है. सागफाटा रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रैक से डेटोनेटर जब्त किए गए हैं. इस दौरान ट्रैक से जब सेना की एक ट्रेन गुजरी तो तेज विस्फोटक हुआ. इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी. सूचना मिलते ही रेलवे के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए.कहीं सेना की ट्रेन उड़ाने की साजिश तो नहीं। 18 सितंबर को दोपहर 1.58 बजे जम्मू-कश्मीर से दक्षिण भारत की ओर जा रही सेना विशेष ट्रेन के पहियों के नीचे आने से ये सभी डेटोनेटर फटे थे। इससे तेज धमाका हुआ था। पटरी पर डेटोनेटर रखकर सेना विशेष ट्रेन को रोकने की गंभीर घटना की जांच में रेलवे इंटेलीजेंस, एटीएस, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी, आरपीएफ जुट गई हैं।

माना जाता है कि डेटोनेटर रखकर ट्रेन को उड़ाने की साजिश के तहत ये कृत्य किया गया. लोको पायलट की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया. आर्मी की यह स्पेशल ट्रेन जम्मू-कश्मीर से कर्नाटक जा रही थी. रेलवे के अनुसार ये डेटोनेटर ट्रेन को इमरजेंसी के दौरान रोकने में जारी इस्तेमाल किए जाते हैं. इस मामले में रेलवे के ट्रैकमैन सहित 3 कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है. उनसे पूछताछ की जा रही है. जांच एजेंसियां ये जानने का प्रयास कर रही हैं कि ट्रैक पर डेटोनेटर रखने का मकसद क्या था?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेलवे के स्टाफ साबिर की गिरफ्तारी सोमवार (23 सितंबर 2024) को हुई है। उस से राष्ट्रीय जाँच एजेंसी, एटीएस और आरपीएफ पूछताछ कर रही है। डेटोनेटर को पटरी पर रखना कोई साजिश थी या शरारत इसकी भी पड़ताल करने में जाँच एजेंसियाँ जुटी हुई है। साबिर की गिरफ्तारी का संज्ञान रेल मंत्रालय ने भी लिया है। मंत्रालय की तरफ से भी जाँच के आदेश किए गए हैं। मामला सेना से जुड़ा हुआ है इसलिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। बता दें कि बुधवार को जिले के सागफाटा रेलवे स्टेशन स्थित दिल्ली मुंबई रेलवे ट्रैक से गुजर रही भारतीय सेना की एक विशेष ट्रेन के नीचे विस्फोटक डेटोनेटर लगाए जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद से ही मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे बल और पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की जांच में लगी हुई हैं। इस मामले में आरपीएफ ने सागफाटा रेलवे स्टेशन पर गैंगमैन का काम करने वाले एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर उस पर यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने, सहित रेलवे संपत्ति की चोरी से जुड़ा मुकदमा दर्ज किया है।ताजा जानकारी के अनुसार साबिर पुत्र शब्बीर जो कि गैंग नंबर 14 सागफटा का था, वह उस दिन ड्यूटी से अनुपस्थित था, और घटना वाले दिन ड्यूटी पर उपलब्ध नहीं था। यह रेल संपत्ति की चोरी का मामला है, और इसमें आरोपी ने रेल संपत्ति की चोरी की है। इस मामले में वह सामग्री जो उसका उस समय जिम्मेदार था, उसके पास होनी चाहिए थी, जिसको वह लीगल यूज के लिए दी गई हो। साबिर के द्वारा इसका इस्तेमाल करना गैरकानूनी इस्तेमाल था। साथ ही इसमें 153 रेलवे एक्ट के तहत जानबूझकर रेल में सफर कर रहे किसी यात्री की सुरक्षा को खतरे में डालना से जुड़ा केस भी दर्ज हुआ है।

बता दें कि आर्मी स्पेशल ट्रेन के इंजन में डेटोनेटर के टकराने से ब्लास्ट हुआ था। आरोपी ने कोहरा हटाने वाला डेटोनेटर का इस्तेमाल किया था। आरपीएफ भुसावल के डॉग ह्यजेम्सह्ल ने मौके से सूंघकर आरोपी की शिनाख्त की थी। मामले की जांच एनआइए एटीएस आरपीएफ कर रही है। आरोपी साबीर पिता शब्बीर उम्र 38 वर्ष पदनाम- मेट, यूनिट नंबर 14, रेल पथ विभाग, सागफाटा को गिरफ्तार किया है। एक अन्य घटना गुजरात के सूरत में रेलवे ट्रैक से फिश प्लेट और 71 कीज हटाने के मामले में नया खुलासा हुआ है। जांच में पता चला कि इसकी सूचना देने वाला की-मैन ही इसका आरोपी निकला। दरअसल, की-मैन सुभाष कुमार ने कबूला कि उसने प्रमोशन पाने के लिए यह साजिश रची थी। चालू वर्ष में रेलवे ट्रैक पर गड़बड़ी कर ट्रेन बेपटरी करने की दर्जनों वारदात सामने आई है आपको बता दें कि फरवरी 2024: तमिलनाडु के मदुरै में वांची मनियाची जंक्शन और तिरुनेलवेली जंक्शन के बीच वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंके गए, जिसमें 9 खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। 12 जुलाई 2024: पश्चिम बंगाल में दुबराजपुर-चिनियाल सेक्शन के पास रेलवे ट्रैक पर कब्जा और रेलवे ट्रैक तोड़ने की कोशिश की गई, केस में शेख लादेन नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। 1 अगस्त 2024: यूपी के लखनऊ डिवीजन के लालगोपालगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक साइकिल और गैस सिलेंडर रखा मिला, केस में गुलजार नाम का आरोपी अरेस्ट किया गया 5 अगस्त 2024: लखनऊ डिवीजन के लालगोपालगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर और साइकिल मिली, इस बार गुफरान नाम का आरोपी पकड़ा गया 17 अगस्त 2024: यूपी के कानपुर में गोविंदपुरी और भीमसेन के बीच साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे पटरी से उतर गए,मौके से एक पुरानी पटरी का टुकड़ा और लोहे का क्लैंप मिला। 5 अगस्त 2024: लखनऊ डिवीजन के लालगोपालगंज स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर और साइकिल मिली, इस बार गुफरान नाम का आरोपी पकड़ा गया17 अगस्त 2024: यूपी के कानपुर में गोविंदपुरी और भीमसेन के बीच साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे पटरी से उतर गए, मौके से एक पुरानी पटरी का टुकड़ा और लोहे का क्लैंप मिला। 18 अगस्त 2024: मध्यप्रदेश के जबलपुर में गढ़ा के पास रेलवे लाइन पर कुछ लोहे की छड़ें पड़ी मिलीं, शुरूआती जांच में पता चला कि किसी ने रेलवे की छड़ें चुराकर ले जाने की कोशिश की थी20 अगस्त 2024: यूपी के प्रयागराज के पास रेलवे ट्रैक पर बाइक का अलॉय व्हील रखा मिला, ट्रेन संख्या डठ2733541 इससे टकराकर रुक गई, पास ही झाड़ियों में एक प्लास्टिक बैग मिला। 20 अगस्त 2024: भदोहरा रेलवे स्टेशन के पास कॉन्स्टेबल प्रमोद कुमार और मोहम्मद जावेद की डेडबॉडी मिलीं, मर्डर का केस दर्ज किया गया, एजेंसियों ने इसे साजिश माना। 24 अगस्त 2024: राजस्थान के अजमेर जिले में जवाई बांध और बिरोलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखे मिले। 23 अगस्त 2024: यूपी के फरुर्खाबाद जिले में कायमगंज- शमशाबाद के बीच रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का बड़ा टुकड़ा रखा मिला। 28 अगस्त 2024: राजस्थान के बारां में छबड़ा गुगोर और भुलोन के बीच रेलवे ट्रैक पर एक बाइक का स्क्रैप रखा मिला,जिससे मालगाड़ी टकरा गई। 30 अगस्त 2024: तेलंगाना के रंगारेड्डी में लिंगमपल्ली और हफीजपेट स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर लोहे की रॉड मिली। 30 अगस्त 2024: झारखंड के पलामू जिले के डाल्टनगंज और कजरी सेक्शन के बीच रेलवे ट्रैक से कुल 100 पेंड्रोल क्लिप चोरी कर ली गई। 30 अगस्त 2024: ओडिशा के संबलपुर में बिलासपुर-सुरला रोड स्टेशन के बीच डाउन लाइन ट्रैक के पास रखा ढअउ स्लीपर टैक से फिसल गया और टेन के फटबोर्ट से उलझ गया। 4 सितंबर 2024: शिवपुरी-पाडर खेड़ा स्टेशन के बीच बीना-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन पत्थर से टकरा गई, जांच में ट्रैक के दोनों ओर पत्थर के निशान मिले4 सितंबर 2024: महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के कुदुर्वाड़ी स्टेशन यार्ड के पास ट्रैक पर एक बड़ा फाउलिंग मार्क स्टोन मिला, जिसके कारण टावर वैगन ट्रैक पर रुक गया8 सितंबर: राजस्थान के अजमेर जिले में पट्टियों पर सीमेंट के ब्लॉक डालकर एक मालगाड़ी को पटरी से उतारने की कोशिश की गई।

योग | ललित गर्ग

योग एवं योग-निद्रा के चमत्कारी प्रभाव से वैज्ञानिक सहमत

विश्व में भारतीय योग की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, योग के चमत्कारी प्रभावों को अब विज्ञान भी स्वीकारने लगा है। अमेरिका, यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। योग अनेक असाध्य बीमारियों को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य भारतीय चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। उनके प्रयत्नों से भारतीय योग एवं ध्यान के माध्यम से भारत दुनिया में गुरु का दर्जा एवं एक अनूठी पहचान हासिल करने में सफल हो रहा है। आज हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव एवं अनिद्रा महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। नये शोध से तथ्य सामने आया है कि नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस नये वैज्ञानिक शोध में ऐसे कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। पिछले दिनों कनाडा के ओंटेरियो यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन के अनुसार कुंठा और तनाव के लगभग 64 प्रतिशत मरीजों ने माना कि उन्हें इस बात का अंदाज नहीं था कि उनकी खास बीमारी की वजह अंदर दबा गुस्सा हो सकता है। यह गुस्सा दूसरों की वजह से शुरू होता है और अंततः इसे आप अपने ऊपर निकालने लगते हैं। कुछ मामलों में मरीजों ने अपने आपको नुकसान भी पहुंचाया। विज्ञान ने यह प्रमाणित कर दिया है- जो व्यक्ति स्वस्थ रहना चाहता है, उसे योग को अपनाना होगा। बार-बार क्रोध करना, चिड़चिड़ापन आना, नींद न आना, मूड का बिगड़ते रहना- ये सारे भाव हमारी समस्याओं से लड़ने की शक्ति को प्रतिहत करते हैं। इनसे ग्रस्त व्यक्ति बहुत जल्दी बीमार पड़ जाता है। हमें अपनी भीतरी योग्यताओं और क्षमताओं को किसी दायरे में बांधने से बचना होगा। ऐसा तब होगा, जब हम योग को अपनी जीवनशैली बनायेंगे। हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। इसी के मध्यनजर तरह-तरह के शोध एवं अनुंसधान योग को लेकर हो रहे हैं, अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में यह बात सामने आयी है कि योग से आराम के गहरे अहसास होते हैं। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वा

एक नजर

पिता की पुण्य स्मृति में करवाया 350 से ज्यादा दृष्टिहीन और बेसहारा बच्चों को भोजन

खरसिया। दिनांक 22.09.2024 को दोपहर 11.30ड्डद्व बजे से स्व श्री संपत जी मंगलुनिया की पुण्य स्मृति मैं उनके सुपुत्र श्री निर्मल जी मंगलुनिया एवं परिवार द्वारा अग्रकुल परिवार सेवा फाउंडेशन के सहयोग से महाप्रसाद भोजन एवं जल सेवा द नेशनल असोसिएशन ऑफ ब्लाइंडनेस वर्कशॉप फ़ॉर द ब्लाइंड वर्ली मुम्बई में 350 से ज्यादा सम्पूर्ण रूप से दृष्टिहीन एवम बेसहारा बच्चो के लिए किया गया।सम्पूर्ण रूप से दृष्टिहीन एवम बेसहारा बच्चो के लिए भोजन एवं जल सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री निर्मल जी मंगलुनिया, श्री जितेंद्र अग्रवाल, श्री विनोद जी पालघर से, होस्टल इंचार्ज सतीश जी, ष्ट श्री सुरेंद्र जी अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक नीलेश खेतान एवं अनेक कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी अवसर पर श्री निर्मल जी मंगलुनिया ने बताया की ट्रस्ट हमेशा जरूरतमन्दों की मदद एवं सेवा में ततपर रहता है। जल्द ही अग्रकुल ट्रस्ट से कुछ बड़े सेवाकार्यो करते हुए समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाएंगे। अंत मे सभी सम्पूर्ण रूप से दृष्टिहीन एवम बेसहारा बच्चों एवं व्यवस्थापक श्री सतीश जी एवं पूरी टीम ने भामाशाह श्री निर्मल मंगलुनिया एवं सम्पूर्ण अग्रकुल टीम के कर्मठ कार्यकर्ताओ का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

बछड़े की मौत,तीन गिरफ्तार

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई एक बछड़े पर कार चढ़ाने वाले तीन आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि रवि निषाद निवासी कृष्णा नगर सुपेला ने 21 सितंबर की सुबह 7 बजे काम करने जा रहा था बजरंग चौक कृष्णा नगर के पास पहुंचा था। उसी समय एक स्वीफ्ट डिजायर कार के चालक ने क्रुरतापूर्वक गाय के बछड़े के ऊपर गाड़ी चढ़ा दिया,इससे गाय के बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इस मामले में आरोपी तुलसी राम दक्षिणे सूरज दक्षिणे एवं प्रदीप साहू निवासी कृष्णा नगर सुपेला को पकड़ा गया आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए गाय के बछड़े पर क्रुरतापूर्वक वाहन चलाने से गाय का बछड़ा की मौत होना स्वीकार किये पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जिले के दो हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला अपना पक्का आवास

धमतरी 24 सितम्बर। हर एक व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना एक पक्का मकान हो, जिसे पूरा करने के लिए वह आजीवन परिश्रम करता है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए स्वयं का पक्का मकान बना पाना एक सपना ही रह जाता है। ऐसे में उनके सपने साकार प्रधानमंत्री आवास योजना कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दूरस्थ अंचल के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् धमतरी जिले के हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। इनमें दिसम्बर 2023 से 23 सितम्बर 2024 तक कुल दो हजार 132 हितग्राहियों का आवास निर्माण कराया जा चुका है। ऐसी ही एक कहानी धमतरी जिले के जनपद पंचायत धमतरी के ग्राम पंचायत बरारी की हितग्राही श्रीमती सुखबती की, जो राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार से हैं। ये जनजाति ज्यादातर जंगलो में पेड़, पत्ते एवं छाल से झोपड़ी बनाकर निवास करते थे, जिन्हें बरसात के मौसम में टपकते छत एवं सांप-बिच्छू की समस्या रहती थी। जिसके कारण उन्हें जीवन-यापन करना एक चुनौती थी।

इनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान साबित हुई है। मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के सपने भी पूरे हो रहे हैं। हितग्राही ने पक्का मकान मिलने से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि श्रीमती सुखबती बोलने और सुनने में भी कमजोर है, उनकी पोती कहतीं हैं कि दादी को मिले इस पक्के आवास में वे पूरे परिवार के साथ सुख-चैन से रहते हैं।

ठेका प्रथा के कारण छात्रावास,आश्रमों में बच्चों को अच्छा भोजन नहीं मिल रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 24 सितंबर। जिले में लगातार छात्रावासों में अवैध रूप से वसूली अधीक्षकों से लेकर बीआरसी सीआरसी, मंडल संयोजक की नियुक्ति पर भी मोटी कमीशन लेकर लगाने की बात सामने आया था। आज इसी प्रकार का अवैध वसूली छात्रावास, आश्रम, कोटाकेबिन में आदिवासी छात्रों की शिष्यवृत्ति, भोजन सहायक राशि मिलने वाला को वसूली कर विभागीय अधिकारियों द्वारा बंदरबांट करने की जानकारी ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से सामने आया है। कलेक्टर को अवगत कराते हुए यह गंभीर मामला को कार्रवाई करने की मांग की। यह कि सुकमा जिले के ब्लॉक छिन्दगढ़ का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुआ है कि मंडल संयोजक द्वारा एक अधीक्षक को फोन के माध्यम से रिकवरी के नाम से दबाव बनाकर प्रति छात्र के पीछे 50 रूपया प्रतिमाह का मांगा जा रहा है। इसी तरह का दूसरे जिले बीजापुर, बस्तर से भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया था। सुकमा जिले में छात्रवासीय छात्र-छात्राएं आदिवासी विकास शाखा विभाग के अंतर्गत कुल मिलाकर लगभग दर्ज संख्या 13,000 से अधिक है। आवासीय पोटाकेबिन में लगभग दर्ज संख्या 8,500 से अधिक है। इन बच्चों का भविष्य के लिए करोड़ों राशि शासन से आता है। इससे साबित होता है कि आदिवासी छात्राओं के लाखों राशि को नेतागण, अधिकारीगण बंदरबांट कर आदिवासी छात्रों का पेट मारा जा रहा है। इसे तत्काल जांच कर विभागीय जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही किया जाए।

यह कि छात्रावास, आश्रमों में ठेका के माध्यम से राशन समान वितरण किया जा रहा है। इसमें भी आदिवासी छात्रों को ही शोषण हो रहा है। यह कोई भी छात्रावास संस्थानों में ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाए, तथा संस्था प्रभारी अधीक्षकों के अधीन कर दिया जाए ताकि अधीक्षक अपनी सुविधा अनुसार गुणवत्तापूर्ण राशन समान तथा हरी सब्जी भरोसा जा सके। ठेका प्रथा के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिल रहा है, ऐसे गुणवत्ताहीन भोजन, दाल, सब्जी कीड़े पड़े नाश्ता परोसने का शिकायत विगत दिनों में लगातार प्रकाश में आया था। इसमें जिम्मेदार अधिकारी स्वयं बचने के लिए छोटे कर्मचारी अधीक्षकों को कार्यवाही किया जाता है। दूसरी और अधिकारी के सरंक्षण में सीधा जिले से ठेका के माध्यम से राशन समान संस्थानों में भेजा जाता है, और अधीक्षकों से प्रतिमाह प्रति छात्र के पीछे 50 रूपया कमीशन वसूली कर रहे हैं। तत्काल कार्यवाही किया जाए। यह कि छात्रावास, आश्रम, पोटाकेबिनों में मीनू चार्ट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जाए, तथा प्रतिमाह मेष चार्ज महीने के अंतिम में सूचना पटल पर चस्पा करना अनिवार्य किया जाने की मांग किया गया। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के द्वारा विगत दिनों में मूलभूत शैक्षणिक समस्याओं को लेकर दिनांक 18,19, 20/ 07/2024 को तीनों ब्लॉक स्तर में तथा दिनांक 24/0 7/ 2024को जिला मुख्यालय में धरना व रैली के माध्यम से ज्ञापन दिया गया था। अब तक कितना निराकरण हुआ हमारे संगठन को कोई जानकारी प्राप्त नहीं होने की जानकारी देते हुए कलेक्टर को अवगत कराया गया। उक्त समस्या को त्वरित संज्ञान में लेकर उचित कार्य करने की मांग की । इस अवसर पर एआईएसएफ के जिलाध्यक्ष जितेश सोड़ी, एआईवायएफ के राज्य उपाध्यक्ष राजेश नाग, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कश्यप, रामकुमार पोडियाम, मानका सोड़ी सहित संगठन प्रतिनिधिमंडल रहे।

जनदर्शन में भीड़ उमड़ी,125 से अधिक आवेदन मिले

गरियाबंद,24 सितंबर। आज जिला कार्यालय में आयोजित जन्म दर्शन कार्यक्रम में लोग दूर-दूर से जिला कार्यालय पहुंचे कलेक्टर को 125 से अधिक आवेदन सोपा उक्त अवसर पर लोगों ने अपनी समस्या व मांग को रखा ।

जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने तत्काल पहल करते हुए इन प्रकरणों पर अधिकारियों से कहा कि इसे जल्द से जल्द हल कर लोगों को समस्याओं से राहत दिलाई ।आज आयोजित जन दर्शन में इससे पहले इतनी भीड़ कभी नहीं देखी गई थी ।

आज जन् दर्शन में 125 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए इस अवसर पर जिला के सारे अधिकारी उपस्थित थे आज के मांग व समस्याओं में प्रमुख रूप से शाला भवन अतिरिक्त कक्ष सड़क निर्माण सीसी रोड भेजो कब्जा हटाने वन अधिकार पट्टा वह विभिन्न जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायतें अधिक रही जिसे लेकर अधिकारीयो ने स्पष्ट रूप से कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर वह सीधा थाना मे एफ.आई.आर. भी करवा सकते हैं ।

रामलला दर्शन को अयोध्या के लिए निकले 94 श्रद्धालु,कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 24 सितंबर। राज्य शासन द्वारा राम भक्तों के लिए श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या धाम योजना की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत दरनार्थियों को अयोध्या धाम का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर श्री परस देवांगन, समाज कल्याण विभाग से उप संचालक श्री डीपी ठाकुर, आदित्य लाम्बे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ने श्री रामलला दर्शन के सपने को साकार किया है। सरकार की मदद से अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या में श्री रामलला स्थापना पश्चात वहा जाने की बहुत इच्छा थी। शासन ने वहा जाने में मदद की। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इसी तरह अन्य श्रद्धालु ने बताया कि वह अयोध्या जाने के लिए बेहद खुश है। वह कहते है कि हमारे पूर्वजों में से भी कोई आज तक अयोध्या नही गए है। निशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।

पितृपक्ष पर नगर में गौमाता के लिए विशाल भंडारे का आयोजन

खरसिया,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रविवार को पितृपक्ष पंचमी के दिन खरसिया नगर क्षेत्र में गौमाता के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पितृपक्ष के पावन दिनों में गौमाता कि सेवा से पितृदेव अति प्रसन्न होते हैं। खरसिया रायगढ़ चौक में गौमाता की महाआरती के पश्चात पुरे नगर क्षेत्र में सड़कों पर गली मोहल्ले में घुम-घुम कर गौवंश सहित अन्य जीव-जंतुओं को स्वादिष्ट खीर, पुड़ी, गुड़, फल, सब्जी का भंडारा भोग लगाया गया। नगरवासियों के सहयोग से गौसेवा संगठन खरसिया के तत्वावधान में यह विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।विदित हो की करीब चार घंटे तक चले इस महाभंडारा में पांच टब खीर, पांच हजार पुड़ी, तीन पेटी गुड़, फल, सब्जी को नगर के चारों तरफ गली-गली, मोहल्ले, मेन सड़कों पर बेसहारा भटक रहें भुखे, प्यासे गौमाता, नंदी बाबा को भंडारा भोग लगाया गया। नगर के गणमान्य नागरिक, कबीर पंथ, गौसेवा संगठन के सदस्यों ने बड़ी मेहनत किए और चार घंटे तक पैदल चलकर गौवंश को भोग भंडारा खिलाते रहें। भंडारा कार्यक्रम में रायगढ़ चौक के दुकानदार और बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने पुर्वज पितरों को याद करते हुए गौमाता को भोग भंडारा लगाया। पुरा नगर गोकुल धाम सा नजर आ रहा था। हर तरफ गौमाता की जय उद्घोष गुंजायमान हो रही थी पुरे नगरवासियों ने इस शानदार आयोजन कि मुक्तकंठ से प्रसंसा कर रहें हैं। भंडारा तो हर रोज किसी ना किसी मंदिरों में होता ही रहता है, लेकिन सड़कों पर विचरण कर रहें गौमाता के लिए भंडारा को जिसने भी देखा सुना खुब सराहना करते नजर आए।गौसेवा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले राकेश केशरवानी ने बताया की इस युग में गौसेवा को सर्वश्रेष्ठ सेवा माना गया है। जो लोग सच्चे मन से गौसेवा करते हैं उनके यहां सुख-शांति-समृद्धि स्वास्थ हमेशा बनी रहती है। हम सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार गौसेवा करना चाहिए। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास रहता है।कार्यक्रम में खरसिया गौसेवा संगठन के प्रमुख राकेश केसरवानी, लम्बोदर मानिकपुरी, आनंद गवेल, प्रभात तिवारी, रजत शर्मा, राहुल डनसेना, भुपेंद्र उपाध्याय, हर्ष शर्मा, लाला सारथी, उमेश दास, निखिल दास, रोशन राजपुत, अमित चंदवानी, शुभम दास, गाड़ी चालक राजेन्द्र गबेल, नगर के गणमान्य नागरिकों में डॉक्टर हितेश गवेल, पत्रकार विष्णु शर्मा, अवधनारायण बंटी सोनी, कमल गर्ग, सतीश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में रायगढ़ चौक के दुकानदार उपस्थित रहे।

रैली निकालकर बच्चों ने दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भोपाल पटनम, 24 सितंबर। नगर पंचायत भोपालपटनम क्षेत्र अंतर्गत चल रहे 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 (सास-2024) पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम प्रतिदिवस किया जा रहा है जिसमे नगर अध्यक्ष सुश्री रिंकी कोरम जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार कोसरिया द्वारा वृक्षारोपण कार्य (एक पेड़ माँ के नाम) का आयोजन किया गया। जिसमे अध्यक्ष, सीएमओ,पार्षद गण, इंजीनियर तथा समस्त स्टॉफ सहित सभीयों ने एक एक पेड़ लगाया गया, एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री यशवंत नाग , नगर पंचायत सीएमओ श्री दिनेश कोसरिया , इंजीनियर हरीश ध्रुव ,एवं स्कूल संस्था के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीणलाल कुडेम , स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य श्री एन. राजेश उपस्थित रहे एवं स्कूल स्टाफ एवं छात्रगण एवं नगर पंचायत के किष्टैया इराबोइना , सूर्यकिरण चिढेम एवं समस्त कर्मचारी की भागीदारी रही। उसके पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर रंगोली ,निबंध ,पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , स्वच्छता ही सेवा सिग्नेचर बोर्ड पर सभी ने अपने हस्ताक्षर किये 7 आदेश्वर पब्लिक स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के बच्चो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, पोस्ट मेट्रिक बालक छात्रावास भोपालपटनम के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के तहत श्रमदान जनभागीदारी निभाते हुए संस्था अधीक्षक श्री रघुवीर भारती के सहयोग से बड़ा तालाब की सफाई कार्य किया गया! भोपालपटनम निकाय मे स्वच्छता इवेंट के तहत श्रमदान हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन मे स्वच्छता वाहन, झाड़ू, टीशर्ट, पेयजल, टॉफी, स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी है

भाजपा नेता के बेटे ने साथियों के साथ अस्पताल में दिखाई दबंगई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई चरोदा निवासी भाजपा नेता राजीव चौबे के बेटे अभय चौबे ने आज सुबह अपने चार दोस्तों के साथ सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल में जमकर दबंगई दिखाई है। इलाज के लिए नियम अनुसार पर्ची बनाने को कहने पर गुस्साए अभय और उसके साथियों ने पहले वार्ड बॉय और फिर हस्तक्षेप के लिए आए पुलिस जवान को पीटा। इतना ही नहीं महिला चिकित्सक से बद्तमीजी करते हुए तोड़फोड़ करते हुए हॉस्पिटल परिसर को नुकसान पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। वहीं अभय और एक युवक मौके से भाग निकलने में सफल हो गए जानकारी के अनुसार कभी पूर्व विधायक सांवला राम डाहरे के करीबी रहे भाजपा नेता राजीव चौबे का बेटा अभय चौबे (24 वर्ष) अपने एक चोटिल दोस्त का इलाज कराने आज सुबह बिना नंबर की स्कार्पियो गाड़ी में सुपेला के शास्त्री हॉस्पिटल में आया। अभय के साथ गौतम सिंह राजपूत पिता सूर्यभान सिंह राजपूत (21 वर्ष) शांति पारा गतवा तालाब पार भिलाई-3, सागर पटेल पिता स्वर्गीय रामलाल पटेल (20 वर्ष) शांति पारा गतवा तालाब के पास भिलाई-3, मुन्ना निवासी भिलाई-3 एवं स्कोर्पियो का चालक गिरीश साहू पुरैना भिलाई-3 निवासी सुबह 6 बजे हॉस्पिटल पहुंचे। यहां पर वार्ड बॉय अंशु चौहान ने 23 नंबर काउंटर से पर्ची बनाकर लाने को कहा। यह बात अभय चौबे को नागवार गुजरी। दरअसल, अभय के पिता राजीव चौबे का नाम चरोदा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में सुमार है। वहीं जिला भाजपा की ओर से गठित चरोदा मंडल भाजयुमो में अभय खुद भी उपाध्यक्ष है। लिहाजा उसने तैश में आकर वार्ड बॉय से कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और बिना पर्ची बनाए ही इलाज होना चाहिए। वार्ड बॉय ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन अभय और उसके दोस्त हाथापाई में उतर गए। इस दौरान पुलिस कर्मी संगम ने भी आकर अभय और उसके दोस्तों को समझाने की कोशिश की। जब बात नहीं बनी तो संगम अपने वरिष्ठ अधिकारी को फोन लगाने लगा। यह देखकर अभय और उसके दोस्तों ने उससे भी मारपीट किया। इसके बाद अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया। मामले में पुलिस ने गौतम सिंह राजपूत, सागर पटेल और मुन्ना को हिरासत में लिया है। जबकि अभय और गिरीश साहू फरार बताए जा रहे हैं सुपेला हॉस्पिटल के अधीक्षक पीयाम सिंह ने बताया कि घटना के बाद आक्रोशित स्टाफ ने काम बंद कर दिया है। केवल इमरजेंसी को चालू रखा गया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता कांड के बाद वैसे ही चिकित्सकीय स्टाफ अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में जिस तरीके की घटना आज यहां हुई है वह दुर्भाग्य जनक है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए अतरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मामले में पांच युवकों के नाम सामने आए हैं जिनमे से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर व स्टॉफ नर्स के काम बंद कर देने के बाद मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

ग्राम खल्लारी में अंदकुरी गांडा समाज देवी-देवताओं की पूजा कर मनाया नवा खाई तिहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोण्डागांव, 24 सितंबर। दिनांक 22 क सितंबर 2024 दिन रविवार को बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम खल्लारी में समाज द्वारा सदियों पुरानी परंपराओं को सर्वप्रथम गांव के मुख्य देवी माता मावली, जिम्मेदारी, बुढ़ादेव, डूमा, डायना का अगवानी कर सेवा पूजा उपरांत समाज के नाईक, पाइप, सगा, सियान के उपस्थिति में विधिवत्त सेवा पूजा उपरांत आपस में बड़े आत्मीयता के साथ एक दूसरे से गले मिलते हुए कुढ़ाई पान में नया चावल की चिवड़ा जो समाज के ही बेटी बहनों के द्वारा बनाकर एक दूसरे के मस्तक पर टिका करते हुए हर्ष उल्लास के साथ मोहरी में वादन करते हुये नवा खाई जोहार भेट कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव श्री अनिल कोर्राम, सलाहकार चरण सिंह गंधर्व, कोषाध्यक्ष नवल मरकाम, जिला अध्यक्ष करन कोर्राम, सचिव बुधमन कुलदीप, उपाध्यक्ष दिनेश नाग, युवा जिला अध्यक्ष विरेंद्र बघेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ दिनेश गंधर्व, महिला प्रदेश अध्यक्ष युवती कोर्राम, महिला जिला अध्यक्ष सुभद्रा कोर्राम, सचिव रजबती बघेल, महिला जिला उपाध्यक्ष महेष्वरी मण्डावी, श्री तुसली कोर्राम, श्री बिरेन्द्र गंधर्व, श्री मेघउ कुलदीप, ब्लॉक सचिव संतूराम मरकाम, मण्डल रितेश कोर्राम, कोण्डागांव ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद मण्डावी, युवा दयासागर मरकाम, फरसगांव ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन बघेल, धनोरा ब्लॉक अध्यक्ष सुदर मरकाम, युवा विवेकानंद मरकाम, बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष फुलचंद सोरी, युवा सतानंद कुलदीप, माकड़ी ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम मरकाम, मर्दापाल ब्लॉक अध्यक्ष बंषीधर कष्यप, युवा अध्यक्ष बिजेष्वर नाग, ब्लॉक अध्यक्ष केषकाल अमरसिंह मरकाम, युवा गजेन्द्र कोर्राम, युवा जिला सचिव संजय कोर्राम, युवा उपाध्यक्ष सुभाष मरकाम, ब्लॉक जिला के तीनो प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी, 07 ब्लॉक के तीनो प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष, 59 मंडल के तीनो प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष और उनके कार्यकारणी सदस्य के साथ हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए ।

एक नजर

तालाब में डूबने से लड़की की मौत

भिलाई, 24 सितंबर। भिलाई शीतला तालाब में डूबने से 15 साल की नाबालिग लड़की की मौत हो गई सूचना मिलने पर एसडीएम की टीम मौके पर पहुंची शव को खोजकर बाहर निकाला शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है पद्मनाभपुर ने बताया कि उनके पास सोमवार सुबह दुर्ग कंट्रोल रूम से फोन आया था एक लड़की शीतला तालाब में डूब गई है सूचना मिलते ही उन्होंने एक टीम को मौके पर भेजा डीप डाइविंग अनुभवी जवान इंद्रपाल यादव ने कई घंटे की खोज के बाद तालाब से बॉडी को बाहर निकाला शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस को सौंप दिया गया पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए दुर्ग मॉर्चुरी भेज दिया है वहां स्ढ्ढ मीरा वर्मा पोस्टमॉर्टम करवा रही हैं उन्होंने बताया कि लड़की पहचान भावना सागर उर्फ बेबो पिता दिनेश सागर (15 साल) के रूप में हुई है बेबो दुर्ग सिविल लाइन के पास घासीदास वार्ड 47 में रहती थी बेबो दो भाइयों में एकलौती बहन थी बेबो दो भाइयों में एकलौती बहन थी उसके पिता दिनेश सागर प्राइवेट काम करते हैं बेबो का एक बड़ा भाई है और एक छोटा बेबो 9वीं क्लास में ड्रीम इंडिया स्कूल दुर्ग में पढ़ती थी उसने खुदकुशी की है, लेकिन किस कारण से की है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा>

स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छ व सुंदर आंगनबाड़ी प्रतियोगिता का आयोजन

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 17 सितंबर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक ÷स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता÷ थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु जिले के ग्रामीण एवं शहरी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ सुंदर आंगनबाड़ी थीम पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन उपरांत स्वच्छ सुंदर आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित आंगनबाड़ी की सूची 26 सितंबर 2024 तक कार्यालय जिला स्वच्छ भारत मिशन में उपलब्ध कराने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए हैं।

महात्मा गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है।जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा का होगा आयोजन

महासमुंद 24 सितंबर। राष्ट्रीय प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में 20 से 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाना है। इस दौरान जिले में छुटे हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर, जन जागरूकता के लिए आयुष्मान चौपाल, आयुष्मान भारत साइकिल/बाइक रैली, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता एवं स्वास्थ्य के लिए दौड़ इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को रू. 05 लाख तक एवं शेष ए.पी.एल. परिवारों को रू. 50 हजार तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

एक महीने के भीतर जीवनदीप समिति के पिछले 5वर्ष के आय-व्यय का करवाएं ऑडिट:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 24 सितंबर। जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित हुई । बैठक में कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों एवं विभिन्न एजेंडाओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मरीजों के ईलाज की बेहतर सुविधा एवं जिला अस्पताल में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता के लिए जिला अस्पताल को 100 बिस्तर अस्पताल के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने के निर्देश कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने दिया इस अवसर पर उनके साथ गरियाबंद एसडीएम राकेश गोलछा भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर स्पष्ट रूप से कहा कि बीते 5 सालों में आप लोगों ने क्या-क्या खरीदी किया है वह आए वह क्या-क्या हुआ है इसका एक महीने के अंदर रिपोर्ट दें और हम उसका अध्ययन करायेगे कलेक्टर ने बैठक में जीवनदीप समिति के बजट की जानकारी लेते हुए आय-व्यय एवं समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों पर खर्च राशि की भी जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत पिछले पांच वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का ऑडिट एक महिने के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाऊस किपिंग एवं सिक्योरिटी गार्ड के लिए वर्तमान एजेंसी की निविदा समाप्त करते हुए नई एजेंसी की सेवाएँ लेने के लिए 15 दिन के भीतर टेंडर जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने समिति द्वारा नियुक्त कर्मचारियों से भी चर्चा की तथा उन्हें निर्धारित वेशभूषा यूनिफार्म में ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मियों के लिए आईडी कार्ड भी जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में अस्पताल के लिए जरूरी वार्ड बॉय, वार्ड आया एवं धोबी रखने के प्रस्ताव पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में एसडीएम श्री राकेश गोलछा, सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल, सिविल सर्जन डॉ. मुकेश हेला, डॉ हरीश चौहान, सहित समिति के सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।जीवनदीप समिति की बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल में सभी सुविधाएं व्यवस्थित करने के निर्देश देते हुए मरीजों के ईलाज में कोताही नहीं बरतने को कहा। उन्होंने अस्पताल में रखे हुए कंडम सामग्रियों के निष्पादन, सुव्यवस्थित पार्किंग स्टैण्ड, साफ-सफाई व्यवस्था, ऑक्सीजन प्लांट सक्रियता, सुरक्षा व्यवस्था एवं परिसर में पर्याप्त लाइटिंग करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोर्स संचालकों से भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में चौबीसों घंटे दवाई दुकानों के संचालन करने के निर्देश दिये। साथ ही पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

मांगों के लेकर ब्लाकों में 27 को धरना-प्रदर्शन

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक में लिया गया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर,24 सितंबर। कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि प्राँतीय अध्यक्ष कमल वर्मा जी के निर्देश पर दिनांक 23.09.24 को संगठन की बैठक बी आर सी भवन मे जिला संयोजक के डी राय वा जिलाध्यक्ष मो जाकिर खान की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।श्री जाकिर खान ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि सभी को एक होकर हड़ताल को व्यापक रूप से करना है ताकि हमे डीए मिल सके।श्री के डी राय ने कहा कि सभी विकास खण्डों मे धरना प्रर्दशन कर सरकार को घोषणा पत्र की याद दिलाना है।छग डिप्लोमा इंजीनियर संघ के श्री धनांजय देवांगन ने कहा सभी कर्मचारी अधिकारी 27 सितम्बर को अवकाश फार्म भरकर आंदोलन मे शामिल होंवे।फेडरेशन के संरक्षक ए सुधाकर ने कहा केंद्र के समान दो बार डी ए मिलता था पर पिछली सरकार ने डी ए का स्वरुप ही बदल दिया वा वर्तमान सरकार भी उसी राह पर चल रही है।लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मोतीराम बेलसरिया ने कहा अपने हक वा अधिकार के लिए एक होकर चार सूत्रीय माँगों के लिए लड़ना है।फेडरेशन के प्रवक्ता राजा बाबु ने कहा पहले भी इस संबंध मे तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा ज्ञापन दिया जा चुका है।इस तरह से सभी ने बैठक को संबोधित किया।बैठक मे सहायक शिक्षक फेडरेशन से महेश शेट्टी,राजेश मिश्रा, महेश यालम,छ्ग शिक्षक संघ से बी आर साहनी,कामेश्वर दुब्बा,संदीप राज पामभोई,ब्लाक अध्यक्ष,कमल कोर्राम,मोहन राय,पर्यवेक्षक संघ से प्रियंका देहारी,छ्ग नर्स संघ से गौरी हुसैन ,गुनगुन यादव,स्वास्थ्य संयोजक संघ से शेख फारुख,लिपिक संघ के राजेन्द्र पसपुल भुनेश्वर के जी,वाहन चालक संघ से महेश देवांगन वा नीलु माँझी ,चतुर्थ कर्मचारी संघ से गनपत गुरला एवं संगीता भोगामी ,वन कर्मचारी संघ से लोकेश रेडडी कोषाध्यक्ष,एवं जनपद पंचायत से राजेन्द्र बलेन्द्र वा एम आर वट्टी वा छ्ग स्वास्थय कर्मचारी संघ से सदाशिव दुर्गम उपस्थित थे।27 सितम्बर को पूरे प्रदेश के जिला एवं विकास खण्ड मुख्यालय मे धरना प्रर्दशन किया जावेगा।

जनदर्शन समस्याओं के समाधान का एक मंच: विक्रम मंडावी

बीजापुर, 24 सितंबर। विधायक विक्रम मंडावी का जनदर्शन कार्यक्रम इन दिनों काफी लोकप्रिय हो रहा है विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव से आये ग्रामीण अपनी समस्याये विधायक को बता रहे जिनका समाधान वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क करे ग्रामीणों को राहत पहुंचा रहे है । विक्रम मंडावी ने एक बात चीत मे बताया कि उनके बीजापुर निवास पर प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम होता है जहां विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीण अपनी समस्या बता रहे है जिनका समाधान किया जा रहा है मेरा प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति की समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान हो जिससे जनकल्याण को बढाया मिले और नागरिकों को राहत पहुंचाई जा सके विक्रम मंडावी के इस जनदर्शन से ग्रामीण काफी प्रभावित हो रहे है यही कारण हैकि जनदर्शन मे लोगों की भीड बढ रही है यहां यह बताना भी जरूरी है की अपने कामों के लिए इधर उधर भटक रहे लोगों को जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से एक मंच मिल गया है लोग सीधे विधायक से मिल रहे और अपनी बात रख रहे है।

कलेक्टर ने 10 दिन के भीतर दूसरी बार जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद,24 सितंबर। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सजग एवं गंभीर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने 10 दिन के भीतर आज पुनः जिला अस्पताल गरियाबंद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के एनआरसी कक्ष, नवजात शिशु निगरानी ईकाई, दवाई स्टोर रूम, विभिन्न वार्डों, ड्रेसिंग कक्ष, ओटी एवं अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों से जिला अस्पताल में प्रदान किए जा रहे स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पिछले सप्ताह निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिये। साथ ही परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने तथा मरीजों के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने एनआरसी वार्ड में जाकर गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की ईलाज की सुविधा एवं भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही भर्ती बच्चों को दिये जाने वाले भोजन एवं पोषण आहारों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एनआरसी कक्ष के रसोई घर में भी जाकर खाद्यान्न सामग्रियों की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की जांच की। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल के पुरुष एवं महिला वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से उनका हाल चाल जाना। साथ ही उनके परिजनों से इलाज की व्यवस्था एवं डॉक्टर की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम श्री राकेश गोलछा, सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु पाल, सिविल सर्जन डॉ. मुकेश हेला, डॉ हरीश चौहान एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ओपीडी में चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जगह की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए चेम्बरों को अच्छे ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। साथ ही मरीजों की बीमारियों के प्रति जागरूकता एवं सजगता के लिए अद्यतन सूचना पटल एवं शिक्षा संचार के पोस्टर लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मरीजों की जानकरी के लिए 112 हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी पोस्टर के माध्यम से सभी जगहों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

बच्चों को किया जा रहा है बाल अधिकारों के प्रति जागरूक

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के पहचान एवं पुर्नवास, बच्चों को नशे की लत से बचाओं, भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं सड़क जैसे स्थिति में रहने वाले बच्चां का चिन्हांकन, बच्चों को मोबाईल के मोह से बाहर लाने का प्रयास एवं सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम द्वारा सभी विकासखण्डो में शिक्षा विभाग/पोटाकेविन/आवासीय विद्यालयों से समन्वयन कर पोटाकेबिन, आवासीय आश्रमो, स्कूलो में जाकर टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नैमेड़ कैका बालिका आश्रम एवं बालक आश्रम में बाल संरक्षण गतिविधि, मिशन वात्सलय, किशोर न्याय बालको की देखरेख अधिनियम 2015, पाक्सो एक्ट 2012, देखरेख एवं संरक्षण की जरूरत मंद बच्चों लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत बालक कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बालगृह, बालसुधार गृह, दत्तक ग्रहण विनियम, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181, घरेलू हिंसा, महिला के किसी भी प्रकार के शोषण से संबंधित से मिलने वाली विधिक सहायता, पुलिस सहायता, चिकित्सकीय सहायता, आश्रय सहायता की जानकारी दी जा रही है, ग्राम पंचायतों में बाल संरक्षण समिति के बारे में जानकारी दिया जा रहा है, स्कूल के बच्चों को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को मोबाईल के मोह से छुडाने के लिए बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में अधिक से अधिक जुडे रहने के संबंध में सलाह दिया जा रहा है ताकि बच्चों को इसके लगाव से मोह को दूर किया जा सके। (इसके लिए बच्चों को नियमित रूप से विभिन्न प्रकार के सामाजिक, सास्कृतिक खेल गतिविधियों से जोडकर रखने का सलाह दिया जा रहा है।) बच्चों को यह भी जागरूक किया जा रहा है, आसपास के कोई भी बच्चा शाला को त्याग कर देते है तो उन्हे शाला से पुनः जोडा जाना है कोई भी बच्चा किसी भी कारण शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए, इस हेतु समाज कल्याण विभाग से उप-संचालक श्री कमलेश पटेल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सुश्री लेखिका साहू समन्वयक यूनिसेफ, श्री राजकुमार निषाद, श्री महेन्द्र कश्यप, टूमारोज फाउंडेशन बीजापुर (बालक) इनके द्वारा अभियान का क्रियान्वयन किया गया है।

विशेषज्ञ समिति ने किया उपजेल का निरीक्षण

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन, संचालनालय महिला बाल विकास विभाग नया रायपुर एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा दिनॉक 23.09.2024 को उपजेल जिला बीजापुर का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ निरीक्षण समिति द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर बंदी का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान उपजेल बीजापुर के बैरक में कुल 165 निरूद्ध बंदियों का अवलोकन किया गया। बैरक में उपस्थित सभी बंदियों से बातचीत कर उनके दिनचर्या के बारे में जानकारी ली गई । पूछताछ के दौरान नाबालिक बंदी नहीं पाये गये है। जेल निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ समिति के सदस्य श्री राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री बाडसे नागू (किशोर न्याय बोर्ड सदस्य), श्रीमिति मिली सत्यन (बालक कल्याण समिति सदस्य), कु0 आनंदमई मल्लिक (विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी), श्रीमती मेकल देव्वम्मा महिला आरक्षक उपस्थित रहे।

खेल प्रतिभा को पहचान कर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने बस्तर ओलंपिक-24 का आयोजन

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर ओलंपिक 2024 का शुभारंभ होने जा रहा है। बस्तर संभाग जनजातीय बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित है यहां खेल के क्षेत्र में अपार नैसर्गिक क्षमता विद्यमान हैं। इस क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्य मजबूत संबंध स्थापित कर यहां के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचान कर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना है। आयोजित खेल विधाएं:- एथलेटिक्स 100 मी./200 मी./400 मी. ऊंची कूद/शॉटपूट/डिस्कस थ्रो/जैवनि थ्रो 4×100 मी. रिलेरेस, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबाल, हॉकी जिला स्तर, वेटलिफ्टिंग जिला स्तर, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी। आयुवर्ग- जूनियर वर्ग बालक-बालिका 14 से 17 वर्ष तथा सीनियर वर्ग आयु का बंधन नही, नक्सल हिंसा के दिव्यांगो तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु संभाग स्तर पर महिला/पुरूष।पंजीयन हेतु 01 से 20 अक्टूबर 2024 तक बीजापुर जिले के समस्त जनपद पंचायत/नगरीय निकाय, विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सम्पर्क कर सकते हैं।

पूर्व मंत्री महेश गागडा सदस्यता अभियान के साथ आम लोगों की समस्यायें भी सुन रहे

बीजापुर,24 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। इन दिनों पूर्व मंत्री महेश गागडा बीजापुर जिले के चारों विकास खण्डों में लगातार भ्रमण कर सदस्यता अभियान को गति दे रहे हैं बल्कि आम जनों की समस्याये सुन उनका निराकरण करने का प्रयास भी कर रहे है इसी क्रम में महेश गागडा सोमवार को बीजापुर के नगरपालिका वार्डों में घुम-घुम कर लोगों को भाजपा सदस्यता दिलाई यही नहीं बल्कि उन्होंने आम लोगों की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण भी करवा रहे है उनके इस अभियान मे भाजपा जिलाध्यक्ष निवास मुदलियार उर्मिला तोकल आदि कार्य कर्ता भी साथ रहे।

शापूमा शाला सिर्रीखुर्द में एवन कुमार ने दिया नेवता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम,24 सितंबर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्रीखुर्द में अंशकालीन सफाई कर्मचारी मोती बाई साहू के द्वारा अपने पति स्वर्गीय एवन कुमार साहू के इस स्मृति में पितृ श्राद्ध के उपलक्ष में नेवता भोज का आयोजन किया गया नेवता भोज में खीर पुड़ी केला वितरण किया गया साथ में दाल चावल सब्जी बच्चों को वितरण किया गया छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे नेवता भोज से बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार मिलता है यह नेता पूर्ण जन समुदाय के द्वारा अपने जन्मदिन वर्षगांठ बच्चों के जन्मदिन माता-पिता की स्मृति में और राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष में दिया जाता है नेवता भोज से जन समुदाय के बीच अपनेपन भाईचारा की भावना विकसित होता है बच्चों में समानता की भावना पैदा होती है नेता भोज का आयोजन एक सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने की एक अभिनव पहल है इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टोपेश साहू, सदस्य रेशमा साहू, निलेश्वरी निर्मलकर, ज्योति वर्मा, द्रौपदी साहू, मोती बाई साहू, रसोईया सरस्वती कंड़रा, जमुना बाई साहू, अंजली सोनी, प्रधान पाठक ठाकुर राम साहू, शिक्षक गण वीरेंद्र पवार, अखिलेश्वर वर्मा, भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे।

परसदाजोशी स्कूल में जन्मदिन पर न्योता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नवापारा/ राजिम,24 सितंबर। शासकीय प्राथमिक शाला परसदा जोशी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए एक ऐसे ही शुभ कार्य के पहल करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष हुलस साहू धर्मपत्नी दीपेश्वरी साहू द्वारा अपनी सुपुत्री कीमाया (तीसरी) के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला परसदा जोशी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल,चावल, सब्जी के अलावा खीर, पूड़ी,पापड़ परोसा गया.वहीं बच्चे का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया.भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ झलक रही थी.इस मौके पर प्रधान अध्यापिका गंगोत्री पालकर ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि जो व्यक्ति विद्यार्थियों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ,जन्मदिन,विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे.ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है.इस अवसर पर प्रधानपाठक गंगोत्री पालकर, शिक्षक विकास झा, आशा गोस्वामी, रेखा साहू, चेतन रात्रे, हिमांचल यादव, गिरजाशंकर उइके व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

नई कोपलें (पोएट्री-36) ने नवोदित कवियों को दिया मंच

50 से अधिक नवोदित कवियों ने किया काव्यपाठ

- वार्षिक अधिवेशन व युवा साहित्य सम्मेलन का आयोजन हुआ
- सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 7 युवाओं का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 24 सितम्बर। छग के प्रयागराज कहे जाने वाले कुंभ नगरी राजिम में वेदमाता गायत्री शक्तिपीठ परिषर में नवोदित कलमकारों व कलाकारों को मंच देने के उद्देश्य से नई कोपलें (पोएट्री 36) के तत्वाधान में नवोदित कवियों के लिए युवा साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया..इस कार्यक्रम में मुख्य अतिति रोहित साहू विधायक, अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार व गीतकार रायपुर) तथा मिनेश साहू (गीतकार, रायपुर), डॉ. भारती अग्रवाल(वरिष्ठ कवयित्री रायपुर), गिरीश हरमुख मोटिवेशल स्पीकर भिलाई इंद्रदेव यदु (साहित्यकार रायपुर), आशाराम वर्मा (दिल्लीवार कुर्मी समाज, संरक्षक) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन अर्जन के साथ सरस्वती वंदना व राजगीत से हुआ।बागबाहरा से आई हुई नवोदित लोक गायिका कु. समृद्धि तिवारी ने सरस्वती वंदना व राजगीत गाकर सबका मन मोह लिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोहित साहू ने कहा कि साहित्य और समाज एक दूसरे के पूरक है।समाज मे सभ्य परिवेश के लिए साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है।विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा ने कहा कि छग की भूमि साहित्य की भूमि है।कलम की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है।उन्होंने प्रेरणाओं से भरी रचनाओं के माध्यम से युवाओ से जुड़ने और नवोदित युवा कलमकारों का आह्वान किया तथा कविता

की बारीकियों के बारे अनुभव साझा किए।डॉ भारती अग्रवाल ने युवा कलमकारों को अच्छे लेखन के लिए प्रेरित किया। मिनेश साहू व इंद्रदेव यदु , गिरीश हरमुख ने युवा कलमकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति अगर कलम को अपना हथियार बना ले तो वह अपने कार्य मे निश्चित ही सफलता को प्राप्त कर सकते है..इस कार्यक्रम में छग के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक युवा कलमकारों ने काव्यपाठ किया।

7 युवा नई कोपले गौरव सम्मान से सम्मानित

ईश्वर साहू बँधी , रायपुर(छत्तीसगढ़ महतारी के आकृति सृजन, रामकुमार पटेल (पाटन आर्ट गैलरी, बांस शिल्पकला), तुलाराम साहू (संगीत शिक्षक राजिम), रवि शर्मा रायपुर (सुपर शर्मा जी ब्लॉग, वायरल युटुबर), युगल किशोर जिज्ञासु राजिम (मानस गान, संचालक, तबलावादन, साहित्यकार), चंद्रसेन कोरी बिलासपुर (वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण), प्रीति यादव (छ्ग की पहली दिव्यांग नेत्रहिन महिला खिलाडी)।

नई कोपलें (पोएट्री 36) संस्था की अध्यक्षा अनिता देशमुख ने इस अवसर पर उपस्थित नवोदित कवियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।संयोजक सुभाष देशमुख ने सभी अतिथियों व नव कलमकारों का आभार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का सफल संचालन कुमेश किरनबेर व युगल किशोर जिज्ञासु के द्वारा किया गया।नई कोपलें(पोएट्री 36) की अध्यक्षा अनिता देशमुख, उपाध्यक्ष पुष्पराज साहू, सचिव प्रदीप साहू कुँवरदादा, संयोजक सुभाष देशमुख, , कोषाध्यक्ष दक्षकुमार, सूचना प्रभारी चन्द्रशेन कोरी, संगठन गुलाब ठाकुर, मो. जावेद, गोपीकिशन साहू एवं सभी जिलों के प्रभारियों के द्वारा इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

समाचार संक्षेप

मार्शल आर्ट स्पोर्टस अकादमी के खिलाड़ियों ने रायपुर में तीन स्वर्ण सहित 8 पदक जीते

भाटापारा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 20 से 22 सितम्बर तक सी.बी.एस.ई. जोनल लेवल जुडो प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर मे हुआ।जिसमे मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी भाटापारा के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया और अपने जिले ब.बा. भाटापारा का नाम रोशन कर 8 पदक हासिल किया।

जिसमे आरोही मानिकपुरी -स्वर्ण पदक , दीप्ती निषाद स्वर्ण पदक, कुशल जोशी स्वर्ण पदक, वंश यदु रजत पदक, विनय केवट रजत पदक पूर्वी सोनी रजत पदक, दिशा मानिकपुरी रजत पदक, याचिका देवांगन कास्य पदक मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी भाटापारा के 7 खिलाड़ियों का चयन आगामी झारखण्ड सी. बी. एस. ई. राष्ट्रीय जुडो प्रतियोगिता मे शामिल होंगे। इस उपलब्धी के लिए मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला जुडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, जिला हपकीड़ो संघ के संरक्षक कैलाश बालानी, बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ विकास आडील, आर.के. फ्रान, परमानन्द सचदेव, मुरलीधर राव, जिला जुडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, जिला जुडो संघ की सचिव पी. किरन, जिला जुडो संघ के सहसचिव अभय केशरवानी, जिला जुडो संघ के सदस्य राहुल शर्मा, मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय जुडो संघ के ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू एवं सीनियर खिलाड़ि युवराज साहू, कुमेश साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, संदीप रात्रे, बलराम यादव, लॉरेंश मसीह, भारत तिवारी, नीतू वर्मा ने बहुत बहुत बधाईयाँ और शुभकामनायें दी। यह जानकारी मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के कोच यशवंत ध्रुव ने दी।

छतौद शाला में विद्यार्थियों को कराया न्यौता भोज

तिल्दा-नेवरा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश और सुशासन की कड़ी में एसडीएम तिल्दा नेवरा आशुतोष कुमार देवांगन ने अपने स्वर्गीय नाना जी रतिराम देवांगन की पुण्यतिथि के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ग्राम छतौद, में आज न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण, सीईओ जनपद पंचायत विवेक गोस्वामी, अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री भाजपा जनपद सदस्य स्वाति वर्मा, सरपंच कविता वर्मा , ईश्वर यदु, सौरभ जैन, जनप्रतिनिधि गण, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, परिवारजन एवं स्कूल के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं और ग्रामीण जन उपस्थित थे। एसडीएम आशुतोष देवांगन ने बताया की वे बचपन से अपनी पढ़ाई लिखाई अपने स्वर्गीय नाना जी के मार्गदर्शन और देखभाल में पूर्ण किया आज वे इस पद पर आसीन है यह नानाजी की वजह से है।

रामजी भारती जवाबदारी की निर्वहन कर रहे

डोंगरगढ़, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वर्ष 1998 से सक्रिय राजनीति में प्रदार्पण करने वाले डोंगरगढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक राम जी भारती ने डोंगरगढ़ क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के चौमुखी विकास को ध्यान में रखकर संगठन द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी गई उसका बखूबी निर्वहन किया। वर्तमान में श्री भारती भाजपा संगठन में प्रदेश महामंत्री के पद पर कार्य करते हुए उन्हें दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। 2008 में भाजपा संगठन द्वारा की श्री भारती की प्रतिभा के अनुरूप उन्हें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मौका दिया गया। और उन्होंने क्षेत्र के स्थापित नेता पूर्व मंत्री धनेश पाटिला को पराजित कर डोंगरगढ़ विधानसभा में भाजपा का खाता खोला। उसके बाद आगे 15 सालों तक क्षेत्र में भाजपा का राज रहा। वर्तमान में राम जी भारती की सक्रियता को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व की मनसा अनुरूप श्री भारती को भाजपा प्रदेश संगठन में महामंत्री की माहिती जवाबदारी दी गई। जिसका वह पूरी सक्रियता के साथ निर्वहन कर क्षेत्र वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं।

एक नजर

ओल्ड रेडियो लिसनर ग्रुप ने रेडियो श्रोता को सम्मानित किया

सिमगा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर में आज भी रेडियो श्रोताओं की

कोई कमी नहीं है, यह कोई आश्चर्य नहीं सत्य बात है, रेडियो प्रेमी रेडियो के सांथ ही अपने पसंद के फरमाइशी गाने भी सुनते हैं, नगर के एक ऐसे ही रेडियो श्रोता प्रदीप जैन हैं जो रेडियो में ही कार्यक्रम सुनना पसंद करते हैं उनके रेडियो के प्रति लगन से प्रभावित होकर ओल्ड लिसनर ग्रुप ने प्रदीप जैन को अवार्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किया है, इस पर रेडियो श्रोता लवकुश सेन, रमेश यादव, मोहन लाल देवांगन आदि ने जैन को बधाई दी है।

बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

सिमगा, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस से मिली जानकारी के

अनुसार कुशल सिरमोर पिता राजेंद्र सिरमौर उम्र 35 वर्ष शीतला पारा सिमगा ने थाना का रिपोर्ट दर्ज किराया की मेरे पिता राजेन्द्र सिरमौर पिता स्वः नारायण सिरमौर उम्र 64 वर्ष 22 सितम्बर की शाम करीब 4.30 बजे मृतक घर से बेलपत्र तोड़ने जा रहा हूँ कहकर घर से निकला था करीबन शाम 6 बजे सूचना मिला कि देवराज शर्मा के निर्माणाधीन मकान के पीछे बाड़ी के रेलिंग में साड़ी से फांसी लगाकर लटका हुआ है प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

एकलव्य विद्यालय की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

बलौदाबाजार, 24 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु 30 सितम्बर 2024 संध्या 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास बलौदाबाजार -भाटापारा के कक्ष क्रमांक 86 में जमा किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 7वीं में 1 बालक एवं 1 बालिका, कक्षा 8वीं में 3 बालक एवं 1 बालिका, कक्षा 9वीं में 3 बालक एवं 3 बालिका तथा कक्षा 11वीं में 8 बालक एवं 6 बालिका हेतु सीट रिक्त है। आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान या सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय के सूचना पटल क़ा अवलोकन किया जा सकता है।

भैसबोड़ में लगेगा माता रानी का भव्य पंडाल

कृत्रिम गुफा में भक्तों को होंगे 151 देवी-देवताओं के दर्शन

- साथ ही शारदीय नवरात्र में होंगे 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 24 सितम्बर। ग्राम भैसबोड़ में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्री धूमधाम से मनाया जायेगा। इस वर्ष नवरात्री पर्व पर 151 देवी-देवताओं को एक भव्य कृत्रिम गुफा में विराजित किये जायेंगे। उपाध्यक्ष तुकेश्वर नेताम, सचिव लीलाधर कमलवांशी ने बताया की नवरात्री पर्व की तैयारी जोरो पर है जिमसें समस्त ग्रामवासी भैसबोड़, शिव शक्ति दुर्गोत्सव समिती टिकरापारा, सार्वजनिक दुर्गा समिती पुराना बाजार चौक, शिवशक्ति दुर्गा समिती नया बजार चौक एवं माँ शीतला समिती और समस्त मातारानी के भक्तो के सहयोग से छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति खंतिपारा भैसबोड़ के तत्वाधान में ग्राम भैसबोड़ मातारानी बहुत बड़ा भव्य पंडाल सजाया जा रहा है लगभग 800 मीटर का एक कृत्रिम गुफा तैयार किया जा रहा है। इस कृत्रिम गुफा में माँ दुर्गा अपने नौ रूपों में विराजित होंगी साथ ही, छत्तीसगढ़ के 36 माता, 12 ज्योर्तिलिंग, 10 फिट ऊंची मां कालीका, प्रभु राम जी का दरबार, 8 ऋषिमुनी कृत्रिम पहाड़ के ऊपर विराजमान होंगे, भगवान शिव जी तालाब के अन्दर बैठेंगे, भगवान विष्णु माता लक्ष्मी और कृष्ण भगवान और आपको देखने को मिलेंगे, बहुत से झांकी भी होंगे जिसमें पूतना वध, गौरी-गौरा विवाह, हनुमान जी संजीवनी लाते हुए हवा मे आसमान में उड़ेंगे, काली माता विकराल रूप, पंडाल में 101 जांवारा एवं 21 ज्योति कलश इन सभी का दर्शन भक्तों को एक ही पंडाल में होगा।

रासेयो स्वयंसेवकों ने रैली निकाली,कई जगह साफ-सफाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 24 सितम्बर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से प्राप्त निर्देश के परिपालन मे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पचपेड़ी एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कोसमर्रा के संयुक्त तत्वावधान में मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन नगर पंचायत भखाराभठेली मे किया गया। मेगा स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन की अध्यक्षता तथा रामगोपाल देवांगन एवं हरखचंद जैन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा, समस्त जनभागीदारी समिति सदस्य, समस्त पार्षदगण की उपस्थिति मे सभी एनएसएस वॉलंटियर ने स्वच्छता की शपथ लिया इस अवसर पर रामगोपाल देवांगन ने अपने उद्बोधन मे स्वयंसेवक को स्वच्छता को व्यवहार मे लाने

की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को व्यवहार एवं संस्कार बनाकर ही भारत को स्वच्छ किया जा सकता है।हरखचंद जैन ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान में लोगों को जागरूक कर सफल बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को बधाई संप्रेषण दिया, इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को प्रारम्भ करने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे, वासुदेव सोनबेर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हायर सेकेण्डरी स्कूल कोसमर्रा एवं पारसमणि साहू एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हायर सेकेण्डरी स्कूल पचपेड़ी के संयुक्त नेतृत्व मे एनएसएस स्वयंसेवकों ने नगर पंचायत भखारा के वार्डों मे जा कर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और स्वच्छता का दीपक हर घर जलाने का संदेश दिए। एनएसएस स्वयंसेवक ने प्लास्टिक/पालिथीन अपशिष्ठ प्रबंधन के लिए दुकानों मे जाकर तीन डस्टबिन रखने का फॉर्मूला दियाएक डस्टबिन गीला कचड़ा के लिए, दूसरा बायोडिग्रेडेबल सूखा कचड़ा के लिए एवं तीसरा प्लास्टिक/पॉलिथीन के लिए। स्वयंसेवकों द्वारा नगर पंचायत गार्डन, नगर पंचायत भखारा परिसर, बस स्टैंड एवं बाजार चौक की साफ़ सफ़ाई कर प्लास्टिक/पॉलिथीन अपशिष्ट को इकट्ठा किया गया। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम मे महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा के व्याख्याता दिलेश्वर पटेल, संकेश्वर नंद, शास्कीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पचपेड़ी व्याख्याता मेघराज साहू, हेमेंद्र मेश्राम, अनिल कुमार साहू, विष्णु साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शा.उ.मा विद्यालय भखारा, ओमप्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत कोसमर्रा, राजस्व निरीक्षक सुलेमान ग्वाल ग्रामीण सहित कुल 140 स्वयंसेवक उपस्थित थे।

सुहेला गायत्री परिवार के सदस्यों ने गोष्ठी का किया आयोजन

गौ माता हमारे समाज और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 24 सितम्बर। हाल ही में गायत्री परिवार के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में चर्चा का मुख्य विषय था-वर्तमान समय में अच्छे संस्कारों की कमी के कारण व्यक्ति में उत्पन्न हो रहीं विभिन्न विकृतियां। इस अभाव के चलते नशा, कुसंस्कार, शिक्षा की कमी और अन्य समस्याएं समाज में फैल रही हैं, जिन्हें शीघ्रता से दूर करना आवश्यक है।

गोष्ठी में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दू समाज का एकजुट होना अनिवार्य है।गाय की पूजा करने की परंपरा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है। गाय को माता मानने की भावना हमें यह सिखाती है कि हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए। लेकिन आजकल गायों के प्रति होने वाली उपेक्षा और उन पर हो रहे अत्याचार हमें चिंतित करते हैं।एकजुटता से ही हम इन समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाएंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

आयोजनकर्ता अखिल विश्व गायत्री परिवार

जोन प्रचारक ग्राम मूडपार निवासी अनिल वर्मा ने बताया गौ माता हमारे समाज और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। हिन्दू धर्म में गाय को विशेष स्थान दिया गया है। इसे गौ गीता और गायत्री के नाम से भी जाना जाता है, जो इसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाता है। गाय न केवल दूध देती है, बल्कि यह हमारे जीवन में अनेक प्रकार से योगदान देती है। आज सनातन की रक्षा के लिए हिन्दुओ को एकजुट होना पड़ेगा। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक आध्यात्मिक संगठनों के पदाधिकारी गोष्ठी में शामिल हुए

शांति कुंज हरिद्वार से पधारे छत्तीसगढ़, उड़ीसा के संरक्षक सदस्य दिलीप पाणिग्रही ने बताया गांव को स्वर्ग बनाएंगे बांग्लादेश में हिन्दुओ पर प्रहार हुआ है सनातन को बचाने विषय पर चर्चा किए, तिरुपति बालाजी में चर्बी मिला प्रसाद बांटा गया है उस पर कार्यवाही हो जिसके लिए गायत्री परिवार के साथ अन्य सभी संगठन मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपेगे घटना की पुनरावृत्ति न हो जिसके लिए पूरे गाव गाव जिले स्तर पर भी अभियान चलाया जाएगा, शिक्षा आधारित संस्कार देना, हिन्दू धर्मिक पर्व का महत्व बताना, रामलीला, कृष्ण लीला मानना के लिए प्रयास करेंगे। धोखाधड़ी के शिकार महिलाओं, लड़कियों पर हो रहे अत्याचार को रोकने रक्षा करने संगठन कार्य करेगा गाव गाव में टीम बन रही है पालकों से अनुरोध है बच्चों के रक्षा हेतु सहयोग प्रदान करेंगे।

रिटायर्ड आई. ए. एस. अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा ने बताया कि युग निर्माण योजना द्वारा राष्ट्र जागरण संबंध में व्याख्यान रखा गया बहुत अच्छा लगा। जब तक सनातन धर्म ताकत के रूप मे नही उभरेगी कोई आपको साथ नहीं देगा यह पूर्णता राजनीति से अलग विषय है अभी जो घटना आंध्र प्रदेश मे हुई है वहा के मुख्यमंत्री पेपर में स्टेटमेंट दिया है तमिलनाडु में बाला जी तिरुपति का मंदिर है वहां लड्डू का प्रसाद बांटा गया है प्रयोगशाला से जांच करायी गई थी जिसमें पाया गया कि मछली का तेल और गाय की चर्बी का उपयोग प्रसाद में किया गया है उस प्रसाद को लाखों की संख्या मे बांटा गया है जिससे सनातनियो का धर्म भ्रष्ट हुआ है इस विचार को व्याख्यान में रखा गया है गायत्री परिवार एक बहुत बड़ी संस्था है संगठन की शक्ति है इस विषय को उठाना चाहिए जिला, प्रदेश, राष्ट्र स्तर पर टी डि पी के जो मुख्य कार्यपालन अधिकारी है जो आई ए एस होते है शासन की संस्था है वहां के पदाधिकारियों के खिलाफ वंहा के जो तत्कालीन मुख्यमंत्री है वाय एस आर उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज किया जावे और आपराधिक दंड संहिता भारतीय न्याय संहिता के संबंधित धाराओं के खिलाफ उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर अधिकारी को निलंबित किया जावे पुलिस मे प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर दण्डित कराना सुनिश्चित करें। यह गोष्ठी एक प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करेगी, जिससे आने वाले समय में समाज में संस्कारों और नैतिकता की स्थापना हो सके। गोष्ठी में पूरसत्ताम साहू, रमेश वर्मा , अनिलं वर्मा, सुनील वर्मा, केवल वर्मा, संतोष साहू, योगेश सेखू वर्मा, अमरेद्र वर्मा, रबिंद वर्मा, प्रमुखगण उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/658/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-23/09/24

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष देवांगन पिता श्री रामकिशुन देवांगन महामाया पारा पुरानी बस्ति वार्ड क्र. 08 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री सच्चु हार्ड वेयर एवं टूल्स प्रो. दिलीप कुमार छाबडिया पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा निवासी से भूमि भवन क्रय पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. ..... भूमि प्लाट नं. ..... शीट नं. ..... खसरा नं. 715/3 का भाग रकबा 5274.32 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/654/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-23/09/24

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती खुशबू गोयल पिता श्री अनिल गोयल कमान नं. 44 जी, नार्थ एवेन्यु जनता क्वाटर, चौबे कॉलोनी रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का श्री रमेश कुमार ज्ञानचंदानी पिता लहरूमल ज्ञानचंदानी सुभाष चौक वार्ड क्र. 12 तिल्दा नेवरा निवासी से भूमि भवन क्रय पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. ..... भूमि प्लॉट नं. ..... शीट नं. ..... खसरा नं. 10/1, 10/4 एवं 10/5 का भाग रकबा 24326.43 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/656/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा-नेवरा, दिनांक-23/09/24

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सैनी केशरवानी पिता विनोद कुमार केशरवानी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री शैलेश कुमार साहू पिता श्री बलभद्र बनौदे पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 16 तिल्दा नेवरा निवासी से भूमि भवन क्रय पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 193/04 भूमि प्लाट नं. 37 शीट नं. 05 खसरा नं. 812/6 का भाग रकबा 1962 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

एक नजर

व्यंग्य संग्रह कल्लू कुकर के पावर विमोचित

रायपुर, 24 सितम्बर। छत्तीस छटा साहित्य कला परिषद के बैनर तले वरिष्ठ रंगकर्मी साहित्यकार विजय मिश्रा 'अमित' के व्यंग्य संग्रह 'कल्लू कुकुर के पावर' का विमोचन प्रेस क्लब में हुआ। तैंतीस व्यंग के माध्यम से सामाजिक रीति रिवाजों, पर्वों में बढ़ती विकृतियां, अंधविश्वास के मकड़जाल और बनावटी दुनिया में जी रहे जन मन पर करारा व्यंग्य किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव ने कहा कि केवल निजी भड़ास, आक्रोश व्यंग नहीं है। निर्मल हृदय का व्यक्ति ही हास्य लिख सकता है।इसी क्रम में समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ भाषाविद डॉ चितरंजन कर ने कहा संवेदनशील व्यक्ति ही साहित्य सृजन कर सकता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गद्य से अधिक पद्य लिखा जा रहा है। ऐसे दौर में अमित की किताब 'कल्लू कुकुर के पावर' एक नया विश्वास जगाती है। डॉ. सुरेश देशमुख, डॉ. सुधीर शर्मा, प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडे ने कहा छत्तीसगढ़ कला संस्कृति के संग साहित्य का भी गढ़ है। 'कल्लू कुकुर के पावर' छत्तीसगढ़ी व्यंग विधा में नवाचार का ताजा उदाहरण है।

स्कूल की जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया

रायपुर, 24 सितम्बर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को खरोरा ब्लॉक के केशला ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की भूमि में अवैध कब्जा को खाली करने की शिकायत की गई। इस मामले में तत्काल कलेक्टर ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही आरंग ब्लॉक के कुम्हारी निवासी गजेंद्र साहू ने अपनी जमीन के बंदोबस्त में त्रुटि होने की शिकायत की। मामले में कलेक्टर ने आरंग एसडीएम को निराकरण के लिए निर्देशित किया है। धरसींवा के टेकारी निवासी नेतराम सिंह ठाकुर ने भूमि का बंटाकन नहीं किए जाने का आवेदन दिया, इस मामले में कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुरानी बस्ती निवासी कपिलनारायण अग्रवाल के खसरा नंबर में त्रुटि को सुधार करने के निर्देश दिए है। डगनिया निवासी प्रेमलता ने नामांतरण करने के लिए आवेदन किया, जिस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर ने रहवासी कॉलोनी में छोटे-छोटे खुलने वाले होटलों पर रोक लगाने के साथ सख्ती करने के निर्देश दिए है।

अमेजन और फ्लिपकार्ट ऑफिस में पुलिस की दबिश

रायपुर, 24 सितम्बर। रायपुर पुलिस ने ऑनलाइन चाकू मंगवाने वालों की जानकारी नहीं देने पर अमेजन और फ्लिपकार्ट के ऑफिस और गोदामों में दबिश दी है। गलत काम के लिए चाकू मंगवाने वालों की कुंडली खंगाली जा रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ती चाकूबाजी की घटना के बाद अब पुलिस एक्शन में मोड में आ गई है। ऑनलाइन साइट से मंगाए गए चाकुओं की जानकारी पुलिस जुटाएगी। इसके लिए अमेजॉन फ्लिपकार्ट सहित अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों से ग्राहकों का डाटा मांगा जा रहा है। वहीं पुलिस आज पुलिस विभिन्न कंपनियों के दफ्तर भी पहुंची है। दरअसल शहर में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही है। इसी को देखते हुए पुलिस अब सतर्क हो गई है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट ऑनलाइन कंपनी के गोदाम और ऑफिसों में दबिश दी। एसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक चाकू मंगाने वालों के बारे में जानकारी नहीं देने पर कंपनियो के देवपुरी, मोवा और डीडी नगर स्थित ऑफिस और गोदामों में कार्रवाई की गई है। स्थानीय बदमाश स्थानीय स्तर पर चाकू खरीदने की जगह चाइनीज मेड और अन्य गंभीर घातक किस्म के चाकू ऑनलाइन शॉपिंग साइट से ऑर्डर कर रहे है।इसे देखते हुए पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट को चाकू मंगवाने वाले लोगों की जानकारी नहीं देने पर अमेजन के गोदाम और ऑफिस में छापे की कार्रवाई की है।

अहाता हुआ घाटे का सौदा

6 नए जिलों के लिए आबकारी आयुक्त ने जारी किया टेंडर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग में भी टेंडर फेल

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 सितम्बर। आबकारी विभाग द्वारा मप्र की तर्ज पर देशी-विदेशी मदिरा समूहों में अहाता शुरू करने का निर्णय घाटे का सौदा साबित हो रहा है। आबकारी आयुक्त ने 6 जिलों में वर्ष 2024-25 के लिए पुनः टेंडर जारी किया है। इधर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जैसे बड़े शहरों में अहाता का ठेका लेने वालों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं।

राज्य में आबकारी विभाग के अंतर्गत करीब 700 से अधिक देशी-विदेशी मदिरा दुकानें हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा ही इसका संचालन किया जाता है। पिछली सरकार के नुमाइंदों ने इसका फायदा उठाया और अपने-अपने लोगों को बिना किसी आधार के चखना सेंटर खुलवा दिया था। जिससे राजस्व की क्षति हुई। वर्तमान सरकार ने मप्र की तर्ज पर अहाता खोलने का निर्णय लिया जिससे 500 करोड़ की आय अनुमानित थी। लेकिन सरकार द्वारा शराब दुकानों का संचालन करने के कारण ठेकेदारों को कोई लाभ नहीं हुआ। बिलासपुर में एक पुराने ठेकेदार ने अहाता का टेंडर भरा था लेकिन उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए। रायपुर में गंज भट्ठी का ठेका सबसे ज्यादा कीमत पर गया था लेकिन इस ठेकेदार ने भी निर्धारित आय नहीं देखते हुए अपना ठेका वापस ले लिया। इस समय अहाता अपराध का गढ़ बने हुए हैं। राजकुमार कालेज के सामने, चंदनडीह तथा भनपुरी एवं विधानसभा रोड में संचालित होने वाली दुकानों में अहाता होने के कारण यातायात अवरुद्ध हो जाता है इससे लोगों को परेशानी होती है।

6 जिलों के लिए निकाला गया टेंडर: आबकारी आयुक्त ने 6 जिलों के लिए अहाता का ठेका देने के लिए टेंडर जारी किया है। 15 अक्टूबर 2024 से यह ठेका शुरू होगा जो कि 31 मार्च 2025 तक चलेगा। यह ठेका ऑनलाईन होगा। शासन को आशा है कि इससे राजस्व की प्राप्ति होगी लेकिन यह वक्त ही बताएगा। राज्य में अहाता खोलना शासन के लिए घाटे का सौदा हो रहा है। ऊपर से इससे अपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही है।

भट्ठी बने अपराध के गढ़: राजधानी में इस समय 70 से अधिक देशी-विदेशी मदिरा दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों का संचालन प्लेसमेंट कंपनियों के द्वारा किया जा रहा है। यहां पर ओवररेट के कारण मदिराप्रेमी परेशान रहते हैं। कई बार कलेक्टर एवं आबकारी अधिकारी छापा मार चुके हैं। मदिराप्रेमियों के अनुसार यहां पर अच्छे ब्रांड की शराब नहीं मिलती है। 120 रुपए में मिलने वाला पौवा 150 से 180 रुपए तक मिलता है। बीच-बीच में शासकीय अवकाश होने के कारण कई शातिर लोग चाय पत्ती का पानी मिलाकर बेच देते हैं जिससे कई लोग परेशान हो जाते हैं।

पंचायत चुनाव के लिए गांवों में पंचायती शुरू

पार्टी स्तर पर बनाई जाएगी रणनीति

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 सितम्बर। गैर राजनीतिक आधार पर लड़े जाने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दांवपेच शुरू हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची बनाने का कार्य शीघ्र शुरू होने वाला है।

राज्य में 15 हजार ग्राम तथा 33 जिला पंचायतें हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने 24 अक्टूबर से मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के लिए अब प्रेक्षक तैनात कर दिए हैं। ये प्रेक्षक पंचायत स्तर पर मतदाता सूची बनाने सहित अन्य कार्य कराने के लिए जिम्मेदार होंगे। जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा ने बताया कि पंचायत स्तर पर चुनाव के लिए हमारी रणनीति शुरू हो गई है। यह चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर होते हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले चुनाव के पश्चात जनपद चुनाव होंगे। जिला जनपद सदस्य के निर्वाचन के लिए रणनीति बनाई जाएगी। पूर्व जिला जनपद अध्यक्ष अशोक बजाज के अनुसार सभी संभावित दावेदार ग्रामीण स्तर पर सक्रिय हो गए हैं। पंचायत एवं जनपद स्तर पर चुनाव लड़ने के लिए लोग सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने माना कि जिला पंचायत के चुनाव के लिए जबरदस्त राजनीतिक दबाव बनाया जाता है। रायपुर जिले के जिला पंचायत के 16 सदस्य हैं। यहां पर भाजपा और कांग्रेस समर्थकों की बराबर हिस्सेदारी है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला पंचायत के सीईओ को चुनाव कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव के लिए वोटिंग का प्रावधान रखा जाएगा। सुबह मतदान होने के बाद शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसमें भी आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। आबादी के आधार पर एक पंचायत के अधीन दो से तीन गांव आते हैं। शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का क्रियान्वयन पंचायत स्तर पर किया जाता है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में अब सरपंचों का महत्व हो गया है। विकास एवं निर्माण कार्य के लिए भी एक बड़ी राशि ग्राम पंचायतों को दी जाती है।

25 को सामान्य सभा की बैठक

जिला पंचायत की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा ने बताया कि जिला जनपद की सामान्य सभा की बैठक 27 सितम्बर को होगी। बैठक में शिक्षकों की कमी, शराब की ओवर रेटिंग का मामला, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण की समस्या सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। जिला जनपद पंचायत चुनाव अगले वर्ष फरवरी माह में सम्पन्न होंगे। वर्तमान में डोमेश्वरी वर्मा कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष हैं। उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा हैं जो कि वर्तमान में राजस्व मंत्री हैं।

प्रदेश अध्यक्ष बैज की पदयात्रा को सफल बनाने समितियों की बैठक

27 सितम्बर से लेकर दो अक्टूबर तक होगी पदयात्रा

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 24 सितम्बर। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की 27 अक्टूबर से गिरौदपुरी से लेकर रायपुर तक होने वाली पदयात्रा की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों की बैठक हुई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक गिरौदपुरी से लेकर रायपुर तक पदयात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान सभी ब्लाक एवं जिला अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। वे पीड़ितों के परिजनों से मिलेंगे। ज्ञात रहे बलौदाबाजार में प्रदर्शन के पश्चात कई लोगों की गिरफ्तारी की जा रही है। इस घटना को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस संबंध में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं अन्य वरिष्ठ नेता बलौदाबाजार का दौरा कर चुके हैं। यहां पर प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

कांग्रेस के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने आज यात्रा को सफल बनाने के लिए गठित की गई विभिन्न समितियों की बैठक ली है। बैठक में परिवहन, जनसंपर्क समिति एवं अन्य समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए। आज रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आए हुए हैं लेकिन वे इस बैठक में शामिल नहीं हो पाए। कांग्रेस ने गत दिनों कवर्धा में हुए कांड के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी राजेश पायलट शीघ्र रायपुर आने वाले हैं।

बैज गिरौदपुरी रवाना

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज गिरौदपुरी से शुरू होने वाली पदयात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं। इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के भी आने की संभावना है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोहारीडीह गए हैं।

जंगल सफारी में मौत का तांडव

16 नहीं, 35 काले हिरणों की मौत, होगी जांच

रायपुर। जंगल सफारी में रह रहे 36 में से 16 नहीं, बल्कि 35 काले हिरणों की मौत की खबर आ रही है। इतने हिरणों की मौत के बाद ही सफारी प्रबंधन आनन-फानन में सीडेजए से अनुमति लेकर बिलासपुर कानन-पेंडारी से 40 काले हिरण लेकर आया है ताकि मामले को छिपाया जा सके। इसके साथ ही कानन पेंडारी से लाए गए तीन में से दो माउस हिरणों की मौत की भी बात खुल रही है, जिनका सफारी प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया है। आशंका है कि सफारी में संक्रमण फैला हो सकता है।

उपचार में लापरवाही: विभागीय सूत्रों के मुताबिक, थोक में काले हिरणों की मौत होने की वजह उपचार में लापरवाही है। कुछ काले हिरणों के बीमार होने की पुष्टि पहले ही हो चुकी थी, बावजूद इसके वन्यजीव चिकित्सक ने मामले की जानकारी सफारी प्रबंधन को नहीं दी। इसके कारण संक्रमण अन्य काले हिरणों में तेजी से फैलता गया और उनकी सिलसिलेवार मौत होती गई। गौरतलब है कि जंगल सफारी में कानन-पेंडारी जू से जब 40 काले हिरण लाए गए, उसी समय कानन- पेंडारी जू से तीन माउस हिरण सफारी में लाए गए। कानन-पेंडारी जू से लाए गए तीन माउस हिरण में से दो की मौत एक माह के भीतर हो गई। सूत्रों के मुताबिक दो माउस हिरण की मौत 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच हुई है।

वन्यजीवों की मौत पर जांच की मांग: जंगल सफारी में 35 काले हिरणों की मौत को लेकर वन्यजीव प्रेमी सवाल उठा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी ने सीजेडए की निगरानी में काले हिरणों के साथ माउस हिरण की मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई, इसकी जांच करने की मांग की है। साथ ही जांच में ऐसे एनजीओ जिनका वन विभाग से किसी भी तरह का संबंध नहीं है, उसे जांच में शामिल करने की मांग की है।

अफसर ने कहा- कार्रवाई करेंगे: काले हिरणों की मौत की खबर प्रकाशित होने के बाद सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी। इसके बाद अफसर ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। अफसर वन्यजीव चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने पत्र लिखने के बात कह रहे हैं।

मौत के बाद देखने के लिए पहुंच : सूत्रों के मुताबिक कानन- पेंडारी से लाए गए दो माउस हिरण के बीमार होने की जानकारी मिलने पर वन्यजीव चिकित्सक बीमार हिरण को देखने के लिए नहीं पहुंचे। माउस हिरण की मौत की जानकारी मिलने पर डॉक्टर हिरण को देखने के लिए पहुंचे। माउस हिरणों की मौत किन कारणों से हुई है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

धरना

रायपुर, 24 सितम्बर। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन दपूम रेलवे के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना देकर प्रदर्शन किया।

चुनौतियों के बीच समाज कल्याण की भावना ही सर्वोपरि

रायपुर, 24 सितम्बर। रामराज्य ऐसी समग्र राज्य व्यवस्था लिए हुए था जहाँ अकाल मृत्यु का भय नहीं था। सुखी, संपन्न जीवन में सभी को उनके श्रम और कार्य का समुचित फल प्राप्त होता रहा। जिस राज्य में दंड की जरूरत ही नहीं थी। न्याय धर्म आधारित था। जिन्हें आज अधम कहा जाता है, उन्हें भी न्यायधीश बना दिया था। 821 वीं संगीतमयी रामकथा का परायण करते हुए व्यासपीठ से पूर्व जिला एवं सत्र न्यायधीश अरुण कुमार ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा। 'रामराज्य की कल्पना और वर्तमान चुनौतियों के समाधान में रामचरित मानस की भूमिका पर रामकथा का आयोजन किया गया।

परहित में स्वहित की अवधारणा समाई हुई है। ऋग्वेद सहित मानस में गोस्वामी जी ने जगत कल्याण को सर्वोपरि कहा। मानस कथा कहते हुए अरुण कुमार ने कहा मैं अपने कल्याण के लिए कथा कहता हूं, जिसमें जगत कल्याण समाहित है। जीवन मोक्षगामी होना चाहिए कि जो सभी के निहितार्थ है। राम दरबार पूजा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि का स्वागत करते हुए ललित सिंघानिया ने कहा, आज समाजिक समरसता का अभाव होता जा रहा है जिससे समाज कमजोर होता जा रहा है इसके समाधान के लिए मानस के प्रसंगों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

संगीतमयी रामायण की प्रस्तुति के साथ वर्तमान चुनौतियों का समुचित समाधान कार्यक्रम को सनातन हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद, सहित नगर की 15 संस्थाओं ने आयोजन को मूर्त रूप दिया। पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स के संपादक ललित सिंघानिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया, रमेश अग्रवाल, आनंद मोहन ठाकुर, बजरंग सिंह बैस, रविन्द्र गिन्नौरे, संपत सिंह राजपूत, विकास ठाकुर, उत्तम सिंह गहरवार, महेश देवांगन, महाराष्ट्र मंडल, कुलेश जोशी, गंगा साहू, प्रीति सिंह, अभिलाषा ठाकुर, सोहनलाल सिंघानिया, टेकराम वर्मा, देवराज चौहान, अवनि ठाकुर, भाव्या सिंह, मितेन्द्र गेडाम, यशवंत यदु, प्रीतेश सर्वा, लव सिंह ठाकुर, शशि कुमार सिंघानिया, हेमकांता गौतम, पुष्पा ठाकुर, पुष्पलता चंदेल, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, भरत सिंह, घनश्याम ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, राजेश विश्वा, रमाकांत सोमवंशी, पं. अजीत तिवारी, रमेश सिंघानिया, रूपाली साहू, रमेश चौधरी, दिलीप साहू, राजेश शर्मा, राकेश जायसवाल, रामकुमार डहरिया, अनिल सारथी सहित रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, बिलासपुर से अनेक सामाजिक संगठनों से गणमान्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

चेम्बर ने मनाया पारवानी का जन्मदिन

रायपुर, 24 सितम्बर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 24 सितम्बर को चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेंबर भवन में चेंबर सदस्यता दिवस एवं साथ ही चेंबर इकाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ चेंबर महामंत्री अजय भसीन जी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी चेंबर अध्यक्ष माननीय अमर पारवानी के जन्मदिन के अवसर पर चेंबर भवन में चेंबर सदस्यता दिवस का आयोजन ''गर्व से गौरव की ओर'' के नारे के साथ किया गया साथ ही चेंबर इकाइयों द्वार किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु चेंबर इकाई सम्मान समारोह भी रखा गया है जिसे लेकर प्रदेश भर के व्यापारियों में उल्लास का माहौल है। कार्यक्रम में समस्त चेंबर कार्यकारिणी सहित चेंबर इकाई, व्यापारिक संगठनों एवं प्रदेशभर के व्यापारियों को आमंत्रित थे।

सरेआम शराब पीते 11 गिरफ्तार

रायपुर, 24 सितम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास आरोपी बचल नरेश राव 33 वर्ष, कार्तिक नायक 35 वर्ष, शंकर बंजारा 32 वर्ष, बच्चल गणेश 40 वर्ष व रवि राव 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी राजन साव 22 वर्ष व मेघनाथ साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अमोल हमने 28 वर्ष, धरसींवा पुलिस ने आरोपी भोला निषाद 30 वर्ष एवं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी लेखराम साहू 49 वर्ष व धनेश साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

उप मुख्यमंत्री साव ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का थीम सांग किया लॉन्च

रायपर, 24 सितम्बर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के थीम सांग को लॉन्च किया। इस गाने में 'स्वच्छता परमो धर्मः' को रेखांकित करते हुए लोगों को स्वच्छता और इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया है।

उप मुख्यमंत्री साव ने बताया कि, शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने राज्य के सभी नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साव ने कहा कि, हमारे देश में पुरातन काल से स्वच्छता का संस्कार रहा है। मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा की, महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर ने भी स्वच्छता को सर्वोच्च स्थान दिया है। छत्तीसगढ़ में स्वच्छता परमो धर्मः को लेकर अभियान चल रहा है। अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चल रहे हैं। समाज सेवी संस्था लोगों को जागरूक कर रहे हैं। साथ ही स्वच्छता के काम में जो लगे हुए है, उनकी सुरक्षा की भी चिंता इसके माध्यम से की जा रही है। छत्तीसगढ़ स्वच्छ और स्वस्थ बने यही हमारा ध्येय है। भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर मुख्यमंत्री से लेकर हर पदाधिकारी को एक बूथ पर जाना है। और उस बूथ में कम से कम 100 सदस्य बनाने का निर्णय पार्टी ने लिया है।

छग में अब तक भाजपा ने बनाए 19 लाख सदस्य : सिंहदेव

रायपुर, 24 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा है कि पूरे देश की तरह छत्तीसगढ़ में भी भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने सदस्यता अभियान में समर्पण व निष्ठा के साथ कार्य करते हुए अच्छी सफलता हासिल की है। सिंहदेव ने कहा कि अब तक प्रदेश में 19 लाख भाजपा सदस्य बन चुके हैं और निर्धारित अवधि में प्रदेश भाजपा सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करेगी।

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक सिंहदेव ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही शुरू हुआ यह संगठन महापर्व अनवरत चल रहा है। इस अभियान को लगातार सबका अभूतपूर्व समर्थन व सहयोग मिल रहा है। अभी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चुनावी राज्यों को छोड़कर 10 करोड़ सदस्यता का लक्ष्य दिया गया था और अब तक लगभग साढ़े 4 करोड़ सदस्य बन चुके हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें आज की तारीख तक 19 लाख भाजपा के सदस्य बन चुके हैं। सिंहदेव ने कहा कि 25 सितंबर को पं. दीनदयाल जी उपाध्याय जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है की छत्तीसगढ़ के सभी मतदान केंद्रों पर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी मंत्री,

विधायक, सांसद, कार्यकर्ता, पदाधिकारी जाएंगे और कम-से-कम 100 सदस्य बनाएंगे। इस दौरान बूथों पर 5 से 7 घंटे रहकर वहां के लोगों से मुलाकात करना है, भोजन भी उन्हीं लोगों के साथ करना है और उसके बाद 100 सदस्य बनाना है। इस तरह 25 तारीख को हम मेंबरशिप की बहुत बड़ी छलांग लगाने वाले हैं।

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक सिंहदेव ने कहा कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बगिया के बूथ में रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जगदलपुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 20 आसला बूथ में रहेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोरमी विधानसभा क्षेत्र के तुलसा घाट में रहेंगे वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कवर्धा शहर मंडल के बूथ क्रमांक 234 में रहकर लोगों को सदस्यता दिलाएंगे। विधायक बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी कोण्डागांव के बूथ क्रमांक 2 में रहेंगीं। इसी प्रकार से सभी मंत्रियों का सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का एक-एक बूथ पर जाना है। मेंबरशिप का बड़ा टारगेट हम लोग 25 सितंबर को पूरा करेंगे और छत्तीसगढ़ का जो लक्ष्य है उसे हासिल करेंगे। 20 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य कल 24 तारीख तक हम पूरा कर लेंगे और उसके बाद 25 सितंबर को 11 लाख नए सदस्य और बनाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26